www.epaper.azadsipahi.in

05 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 255

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

अंबा प्रसाद और करीबियों के यहां छापा, 15 लाख बरामद





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# पूरी तरह उफान पर है बिहार के मिथिलांचल का सियासी माहौल

## ■ एक सौ विधानसभा सीटों वाले इस इलाके के समीकरण सभी के लिए अहम

## ■ बिहार की सत्ता का ताला इसी इलाके पर जीत हासिल करने से खुलता रहा है

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार के आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तमाम राजनीतिक दल अपना-अपना समीकरण फिट करने में लगे हुए हैं। इस दौरान बिहार के मिथिलांचल पर खास ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि कहा जाता है कि बिहार की सत्ता का ताला इसी इलाके पर जीत के साथ खुलने का इतिहास रहा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से एक सौ सीटें मिथिलांचल से हैं, जो इसे सत्ता की दौड़ में निर्णायक बनाती हैं। यह क्षेत्र उत्तरी बिहार का एक बड़ा हिस्सा है, जिसमें दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और सीतामढ़ी जैसे जिले शामिल हैं, जो परंपरागत रूप से एनडीए के लिए मजबूत गढ़ रहे हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए ने दरभंगा जिले की सभी नौ सीटें जीती थीं। लेकिन मिथिलांचल की सियासत के साथ एक खास बात यह है कि इस इलाके ने कभी किसी एक दल या गठबंधन का समर्थन नहीं किया, क्योंकि यहां का सामाजिक समीकरण अपने-आप में विशिष्ट है। मिथिलांचल में ब्राह्मण, राजपूत, यादव, अति पिछड़ा वर्ग और दलित समुदायों की महत्वपूर्ण आबादी है। इनके अलावा मुस्लिम वोटर भी यहां की सियासी धारा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मिथिलांचल की सियासत का इतिहास बताता है कि ब्राह्मण और मुस्लिम वोटरों की गोलबंदी ही यहां के चुनाव परिणाम को तय करते हैं। इसलिए इस बार एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही मिथिलांचल पर खास ध्यान दे रहे हैं। 'पग-पग पोखरि माछ मखान, मधुर बोल मुस्की मुख पान' वाले मिथिलांचल में इस बार क्या है सियासी माहौल और क्या हैं चुनावी संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार के सत्ता संग्राम में मिथिलांचल का महत्व सभी को पता है। इस अंचल की एक सौ विधानसभा सीटें बिहार की सत्ता की चाबी हैं, क्योंकि इन सीटों पर जीत का मतलब ही सत्तासीन होने का प्रमाण पत्र होता है। इसलिए इस बार के चुनाव में भी मिथिलांचल को खासा महत्व दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद यहां से चुनाव प्रचार अभियान का आगाज कर चुके हैं, तो महागठबंधन की तरफ से राहुल गांधी ने दरभंगा का छात्रावास दौरा कर चुनाव प्रचार अभियान को हरी झंडी दिखा दी है। तेजस्वी यादव ने भी पिछले दिनों मिथिला का दौरा किया था। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्यों दोनों गठबंधनों के लिए मिथिलांचल इतना महत्वपूर्ण है।

### क्यों जरूरी है मिथिलांचल


पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मिथिलांचल में महागठबंधन को जबरदस्त हार का सामना करना पड़ा था, जबकि एनडीए विशेषकर बीजेपी को शानदार कामयाबी मिली थी। लिहाजा इस वोट बैंक को इंटैक्ट रखते हुए नये मतदाताओं को जोड़ना भी एनडीए का लक्ष्य है। यही वजह है कि बीजेपी के साथ-साथ तमाम घटक दल भी मिथिलांचल के लिए पसीना बहा रहे हैं।

### मिथिलांचल में एक सौ सीटें

मिथिलांचल और उत्तर बिहार की करीब एक सौ विधानसभा सीटें इस क्षेत्र में आती है। कहते हैं कि इस इलाके में जीत हासिल करने वाला ही बिहार की सत्ता पर राज करता है। पिछली बार तेजस्वी यादव की अगुवाई में महागठबंधन ने एनडीए को कड़ी चुनौती दी थी, लेकिन इसी क्षेत्र में वह काफी पीछे रह गये, जिस वजह से वह सत्ता में नहीं आ पाये। वहीं बीजेपी और जेडीयू ने शानदार कामयाबी हासिल करते हुए सत्ता में वापसी की।

### 2024 में एनडीए की एकतरफा जीत

लोकसभा चुनाव 2024 में भी एनडीए की एकतरफा जीत हुई। मिथिलांचल में आरजेडी का खाता भी नहीं खुला, जबकि कांग्रेस सिर्फ कटिहार सीट ही जीत पायी, वहीं पूर्णिया में निर्दलीय पप्पू यादव को जीत मिली। बीजेपी ने जहां मधुबनी, दरभंगा, उजियारपुर, मुजफ्फरपुर और अररिया में जीत हासिल की, वहीं झंझारपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधेपुरा और सुपौल में जेडीयू को जीत मिली। समस्तीपुर (सुरक्षित) और खगड़िया में चिराग पासवान की एलजेपी (आर) को सफलता मिली।




### मिथिलांचल का सामाजिक समीकरण

मिथिलांचल का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसके तहत मिथिला का मुख्य इलाका तो शामिल है ही, इसके अलावा कोसी और सीमांचल भी इसी में आता है। ऐसे में ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतदाता उम्मीदवारों की जीत-हार तय करते हैं। पारंपरिक तौर पर ब्राह्मण कांग्रेस के वोटर रहे हैं, लेकिन हालिया सालों में उनका रुझान एनडीए, विशेषकर बीजेपी की तरफ रहा है। वहीं यादव और मुस्लिम वोटर आरजेडी के साथ रहते हैं। हालांकि अति पिछड़ी जातियों को गोलबंदी जेडीयू के साथ रही है। इस वजह से नीतीश कुमार जिस गठबंधन में रहते हैं, उनके उम्मीदवारों की जीत की संभावना बढ़ जाती है।

ब्राह्मण और राजपूत पारंपरिक रूप से भारतीय जनता पार्टी के कोर वोटर रहे हैं, जबकि ओबीसी और कुछ हद तक यादव मतदाता जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के बीच बंटते हैं। 1989 के राम मंदिर आंदोलन के बाद से ब्राह्मण और मुस्लिम समुदायों का ध्रुवीकरण हुआ, जिसने भाजपा को इस क्षेत्र में मजबूत किया। मिथिलांचल में मुस्लिम आबादी भी कुछ क्षेत्रों में प्रभावशाली है, जिसे राजद और अन्य विपक्षी दल अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। इस तरह यह क्षेत्र जातीय और धार्मिक समीकरणों का एक जटिल मिश्रण है। मिथिलांचल मैथिली भाषा और संस्कृति का केंद्र है, जो इसे बिहार के अन्य क्षेत्रों से अलग करता है। मिथिलांचल में जातीय समीकरण जटिल हैं। एनडीए को ब्राह्मण और राजपूत वोटों को बनाए रखने के साथ-साथ इबीसी और मुस्लिम मतदाताओं को भी लुभाना होगा, जो राजद की ओर झुक सकते हैं।अगर राजद मुस्लिम-यादव समीकरण को मजबूत करता है, तो एनडीए को कुछ सीटों पर नुकसान हो सकता है।

### मिथिलांचल के विकास पर जोर

केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार लगातार मिथिलांचल पर सौगातों की बारिश कर रही है। इनमें सड़क, रेल परियोजना, दरभंगा एयरपोर्ट, दरभंगा एम्स, मैथिली में संविधान, मखाना को जीआइ टैग और मखाना बोर्ड का गठन समेत कई योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार मिथिलांचल और मखाने की तारीफ करते रहे हैं। पिछली बार भी जब वह बिहार दौरे पर आये थे, तब भी उन्होंने मखाने का जिक्र किया था। इतना ही नहीं, बीजेपी की तरफ से इस साल अहमदाबाद में 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में मिथिला और बिहार के लोगों के योगदान की तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है।

### हालिया मंत्रिमंडल विस्तार में मिथिलांचल की धमक

नीतीश कैबिनेट के आखिरी विस्तार में बीजेपी कोटे से जिन सात नये मंत्रियों को शामिल कराया गया, उनमें से पांच मिथिला क्षेत्र से ही आते हैं। इनमें जीवेश मिश्र, संजय सरावगी, राजू कुमार सिंह, मोती लाल प्रसाद और विजय कुमार मंडल शामिल हैं। पार्टी को उम्मीद है कि इनके मंत्री बनने से विधानसभा चुनाव में लाभ मिलेगा।

### तेजस्वी ने भी किया मिथिलांचल दौरा

पिछले साल तेजस्वी यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली समस्तीपुर से अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम' की शुरुआत की। मिथिलांचल के तमाम जिलों में जाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर फीडबैक लिया।

### अलग राज्य का दांव कितना असरदार

पिछले चुनावों में आरजेडी को सबसे अधिक मिथिलांचल में ही नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में पिछले दिनों पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने अलग मिथिला राज्य की वकालत कर बड़ा दांव चल दिया। यह मांग पिछले कई दशकों से क्षेत्र के लोग कर रहे हैं। हालांकि हाल के वर्षों में कोई भी राजनीतिक दल इसे हवा नहीं दे रहा है। ऐसे में राबड़ी की मांग को बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने मुस्लिम तुष्टिकरण से जोड़ते हुए कहा कि वह बांग्लादेश बनाना चाहती हैं मिथिलांचल को, इसलिए ऐसी मांग कर रही हैं।


### क्या है मिथिलांचल की खासियत

राजनीतिक तौर पर मिथिलांचल जहां सरकार बनाने और बिगाड़ने में असर डालता है, वहीं इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी रही है। 'पग-पग पोखरि माछ मखान, मधुर बोल मुस्की मुख पान', इस पंक्ति से ही मिथिलांचल की विशेषता को समझा जा सकता है। ये पंक्तियां मिथिलांचल की पहचान से जुड़ी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद, ललित नारायण मिश्रा, जगन्नाथ मिश्रा और विनोदानंद झा जैसे दिग्गजों की जन्म और कर्मभूमि रहा मिथिलांचल पिछड़े इलाकों में गिना जाता है।

# कल झारखंड आयेंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, रांची में होगा अभिनंदन

- नये अधिवक्ताओं को लाइसेंस और मेडिकल एड चेक प्रदान करेंगे
- नागरिकों की जिज्ञासा समाधान का भी होगा सत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार 6 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री नयी दिल्ली से रांची आयेंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। धनबाद में दोनों मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे। धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आयेंगे। यहां होटल रामदा में अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जायेगा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री नये वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे। इसके अलावे कार्यक्रम में एक परिचर्चा का भी सत्र रखा गया है, जिसमें नागरिक अधिवक्ता व अन्य सामाजिक प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री से विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासा रखेंगे और उसका समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम के बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री का ऐतिहासिक अभिनंदन रांची के नागरिक करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, व्यावसायी पवन बजाज, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, बार काउंसिल के राजेंद्र कृष्ण, मुकेश द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

# शिल्पी नेहा ने विमल लकड़ा से अस्पताल में की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के इलाज संबंधी जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने परिवार के बीच स्वस्थ होकर लौटें, यही कामना है।

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

- 26 मई की रात में रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को नक्सलियों ने जलाया था

**खूंटी।** पुलिस ने जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में शुक्रवार को छापेमारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जरियागढ़ थानांतर्गत बकसपुर स्टेशन टोली निवासी गेंद्र बारला उर्फ लादेन (28 ),गुमला जिला के कामडरा थानांतर्गत रामतोलया महुआ टोली गांव निवासी असीम टोपनो (20) और अजीत टोपनो उर्फ डुडा (26) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने प्रेस वार्ता में शुक्रवार को बताया कि तड़के सुबह उन्हें यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बकसपुर झंडा टोंगरी जंगल में प्रतिबंधित पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के सदस्य किसी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त जंगल में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को हथियार गोली एवं पीएलएफआइ संगठन के पर्चा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

एसपी ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गत 26 मई की रात में रनिया थानांतर्गत रामजय गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे एक रोड रोलर को जलाने की घटना में गिरफ्तार आरोपित शामिल थे। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से रोड रोलर को जलाने की उक्त घटना में संगठन के अन्य सदस्यों के साथ शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपितों में गेंद्र बारला उर्फ लादेन का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध जिले के कर्रा थाना में पांच वर्ष पूर्व वर्ष 2020 में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला कांड संख्या 58/ 20 दर्ज है। इस मामले में गिरफ्तार कर उसे जेल भी भेजा गया था। लेकिन जेल से निकलने के बाद वह फिर से पीएलएफआइ संगठन से जुड़कर संगठन के विस्तार में जुटा था।

छापेमारी टीम में तोरपा एसडीपीओ के अलावा तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई कुलदीप रौशन बारी एवं मनीष कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बेरोजगार युवाओं के प्रति संवेदनहीन है राज्य सरकार : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के सवालों पर राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित करायी थी। सरकार के कुव्यवस्था और हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन हेमंत सरकार गठन के छह माह बीत जाने के बाद भी लिखित परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर संशय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा राज्य सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवाओं के मुद्दे से बेपरवाह नजर आते हैं। जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट और युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फर्जी आश्वासन।

05 जुलाई, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 255

रूस ने दी अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता



Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 01.8 TO 06 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## मनी लांड्रिंग से जुड़ा मामला : रांची से हजारीबाग तक आठ जगहों पर एक साथ इडी की दबिश

# अंबा प्रसाद और करीबियों के यहां छापा, 15 लाख बरामद

- निवेश के कागजात और संदिग्ध दस्तावेज हुए बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/हजारीबाग/बड़कागांव।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। यह कारवाई बालू कारोबार और ट्रांसपोर्टिंग से जुड़ा हो सकती है। चर्चा है कि यह कार्रवाई कोल ट्रांसपोर्टिंग, इंफ्रा और पावर सेक्टर से जुड़ी एक चर्चित कंपनी की मनी लांड्रिंग से जुड़े केस में की गयी। सूत्रों के अनुसार छापेमारी में 15 लाख रुपये नगद, निवेश के कागजात और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिन्हें इडी के अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

### आठ ठिकानों पर इडी की छापेमारी

सूचना के अनुसार इडी की टीमों ने रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में कुल आठ जगहों पर एक साथ दबिश दी। अंबा प्रसाद के करीबी संजीत के रांची के किशोरगंज इलाके में स्थित आवास, उनके निजी सहायक संजीव साव, मनोज दांगी और पंचम कुमार के बड़कागांव स्थित ठिकानों पर भी तलाशी ली गयी।



छापामारी के दौरान आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकमी

### 2024 में भी इडी ने की थी छापेमारी

इसके पहले 12-14 मार्च 2024 को इडी ने अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, भाई अंकित राज सहित कई रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज बरामद किये थे। इस छापेमारी में 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों के नकली टिकट, हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गये थे। माना जा रहा है कि इस बार की छापेमारी उन्हीं दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर की जा रही है, जो पहले की जांच में सामने आये थे। इडी की टीमें वित्तीय लेन-देन, जमीन और खनन से जुड़े दस्तावेजों की शुरुआती जांच के बाद अपने साथ ले गयी। सूत्रों के मुताबिक अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियां इडी की जांच के दायरे में हैं।

### सुबह 6 बजे सभी जगह एक साथ पहुंची टीम

रांची से बड़कागांव तक छापेमारी एक साथ शुरू हुई। इडी की टीम सुबह 6 बजे पहुंची। छापेमारी की कार्रवाई शाम तक चली। अंबा प्रसाद ने नव निर्मित समाधान केंद्र समेत अन्य जगहों पर इडी ने दबिश दी। साथ ही हजारीबाग शहर के बडम बाजार स्थित सीए बादल गोयल के ऑफिस में भी छापेमारी की गयी। बताया जा रहा है कि अंबा प्रसाद के भाई का सीए बादल हिसाब-किताब देखता है। वहीं शहर के सुरेश कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप व्यवसायी के घर और कटकमदाग प्रमुख के घर भी इडी ने दस्तक दी और कागजातों को खंगाला। इस दौरान इडी के हाथों कई कागजात लगने की भी बात सामने आ रही है।

# त्रिनिनाद की प्रधानमंत्री कमला बिहार की बेटी हैं : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने राम मंदिर का मॉडल, महाकुंभ का जल भेंट किया

एजेंसी

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को 'बिहार की बेटी' कहा। उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया। मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आये, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाये। उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आये, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआइ) कार्ड दिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर नरेंद्र मोदी की अगवानी की।



### श्रीराम के लिए गहरी आस्था की तारीफ की

मोदी ने भारतीय समुदाय की श्रीराम के लिए गहरी आस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा- मुझे आपकी प्रभु श्रीराम में गहरी आस्था का पता है। यहां की रामलीला वाकई अनोखी है। मुझे यकीन है कि आप सभी ने 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की वापसी का स्वागत किया होगा। आपने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पवित्र जल और शिला भेजी थी। मैं भी उसी भक्ति के साथ कुछ लाया हूं। मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मैं राम मंदिर की प्रतिकृति और पवित्र सरयू नदी का जल लेकर आया हूं।

**त्रिनिदाद और टोबैगो की रामलीला अनोखी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 साल पहले मैं यहां आया था। तब से अब तक हमारी दोस्ती और मजबूत हुई है। बनारस, पटना, कोलकाता और दिल्ली भारत के शहर हैं, लेकिन यहां भी इनके नाम की सड़कें हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी यहां खुशी, उत्साह और गर्व के साथ मनाए जाते हैं। चौताल और भटक गाना यहां फल-फूल रहे हैं। मैं यहां कई परिचित चेहरों की गर्मजोशी और युवा पीढ़ी की आंखों में उत्सुकता देखता हूं, जो एक साथ जानने के लिए उत्साहित हैं। हमारे रिश्ते भौगोलिक सीमाओं से परे हैं।

## गुमला : फायरिंग कांड

### डॉक्टर समेत तीन गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवॉल्वर भी जब्त

**गुमला/रांची (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। एसपी गुमला ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि यह फायरिंग पारिवारिक भूमि विवाद को लेकर हुई थी। इस मामले में लोहरदगा के एक डॉक्टर शैलेश साहू भी शामिल है। गोली डॉक्टर शैलेश के लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली थी। पुलिस ने डॉक्टर शैलेश के साथ दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त रिवॉल्वर को जब्त कर लिया गया है। एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि मुख्य आरोपी डॉक्टर शैलेश लोहरदगा के कोर्ट रोड का रहने वाला है। वो लोहरदगा में अपना नर्सिंग होम चलाता है। अन्य दो आरोपियों में आनंद साहू लोहरदगा के भंडरा का रहने वाला है और सूरज कुमार साहू बरंदा गांव में शैलेश के मकान में किरायेदार है। तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से एक छह चक्रीय रिवॉल्वर, 4 खाली कारतूस, 23 जिंदा गोलियां, एक पैशन प्रो बाइक और 4 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। घायल हेमंत को रांची के पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें तीन गोली लगी थी। स्थिति गंभीर है।

# गोड्डा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड प्वायजनिंग से 80 छात्राएं बीमार

- सब्जी खाने के बाद चक्कर और उल्टियां होने लगीं
- खाने के बाद उन्हें उसमें छिपकली गिरे होने का पता चला

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को फूड प्वायजनिंग का मामला सामने आया। विद्यालय में बनी सब्जी को खाने से 80 छात्राएं बीमार हो गयीं। आनन-फानन में सभी बच्चियों को सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में 50 बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि 30 बच्चियों का इलाज अभी भी जारी है। छात्राओं को चक्कर और उल्टियां आने लगीं। कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गयीं। सभी को तत्काल गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही सभी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच की गयी। सभी की तबीयत अब ठीक है। इधर, छात्रा मीरा कुमारी, संजू कुमारी और निशा कुमारी ने बताया कि सब्जी खाने के बाद उन्हें उसमें छिपकली गिरे होने का पता चला। वहीं, छात्राओं का आरोप है कि स्कूल में उनसे रोटी बनवायी जाती है। प्रत्येक कक्षा की छात्राओं की बारी-बारी से रसोई में ड्यूटी लगती है। एक छात्रा के पिता सुनील राउत ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि स्कूल में साफ-सफाई नहीं होती। रसोई गंदी रहती है और छात्राओं से जबरन खाना बनवाया जाता है।

इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि गोड्डा स्थित बंका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भोजन करने से 10-12 बच्चियों की तबीयत बिगड़ गयी। इसके बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारी-बारी से सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम छात्राओं की निगरानी कर रही है। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों से खाना बनाने की कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। स्कूल में गंदगी की शिकायत की जांच के लिए गोड्डा डीसी को सूचित कर टीम गठित की जायेगी।



### बच्चियों का समुचित इलाज और देखभाल हो : दीपिका पांडेय

गोड्डा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि गोड्डा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फूड प्वायजनिंग की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने तत्काल जिला प्रशासन से संपर्क किया और बच्चियों के समुचित इलाज व देखभाल के लिए स्पष्ट निर्देश दिये हैं। राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर बनाये हुए है। मैं पीड़ित बच्चियों के परिजनों से अपील करती हूं कि वे घबराएं नहीं। हर आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी बच्चियां जल्द स्वस्थ हों।

## रांची में खुला सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान का नया क्षेत्रीय केंद्र

# विचार और विजन को हकीकत में बदलने का दिन: अन्नपूर्णा

सुनील कुमार सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नये क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। यह क्षेत्रीय केंद्र झारखंड, बिहार, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा और मंत्रालय की प्रमुख पहलों को मजबूत करेगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है। बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पहले, इन राज्यों के पास इस तरह की समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं सीमित थीं। आमतौर पर गुवाहाटी और लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्रों पर निर्भर राज्यों को रसद संबंधी कठिनाइयां आती थीं।



रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि बेटियों को समान अवसर देकर देश के विकास में उनका योगदान और सशक्त बनाया जा सकता है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र महिला और बाल विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसमें राष्ट्रीय सार्वजनिक सहयोग और बाल विकास संस्थान (एनआइपीसीसीडी) का आधिकारिक नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला और बाल विकास संस्थान करना शामिल है।

बता दें कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र मंत्रालय की प्रमुख पहलों- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नये अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह संस्थान नयी दिल्ली में अपने मुख्यालय और बेंगलुरु, गुवाहाटी, लखनऊ, इंदौर और मोहाली में क्षेत्रीय केंद्रों के साथ, ऑनलाइन और व्यक्तिगत कार्यक्रमों के माध्यम से सालाना 1,000 से अधिक पेशेवरों को प्रशिक्षित करने में सबसे आगे रहा है। यह नया केंद्र इसे और गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम में संस्थान से ट्रेनिंग लिए प्रशिक्षु लड़कियों से बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के नये लोगो का शुभारंभ भी हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक नवीन जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सचिव अनिल मालिक और पदाधिकारी शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों से लड़े : लेफ्टिनेंट जनरल राहुल

## पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त हमने तीन दुश्मनों से लड़ाई की। बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे। उन्होंने बताया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिये और हमें हथियारों की टेस्टिंग के लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ साझा कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिये। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल शुक्रवार को नयी दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाये। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिये।



### पहलगाम हमले का जवाब था ऑपरेशन सिंदूर

बताते चलें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

### पूर्व में हुए युद्ध की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे:

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की योजना और चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। इसलिए कुल 21 टारगेट की पहचान की गयी, जिनमें से 9 को निशाना बनाना समझदारी समझी गयी। लास्ट मोमेंट पर इन नौ लक्ष्यों पर निशाना लगाने का फैसला लिया गया। पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है, क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है।

## विहिप की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देशी तावा होटल में विश्व हिंदू परिषद प्रखंड की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा और संचालन सतीश पांडेय ने किया। मुख्य रूप से विहिप जिला मंत्री पंकज दुबे ने कहा कि परिषद के आगामी कार्यक्रम जिसमें मुख्य रूप से बजरंग दल के द्वारा सेवा सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण, मंदिरों के साफ-सफाई और चिकित्सा शिविर विभिन्न क्षेत्रों में लगाने कि योजना है। इसके साथ-साथ दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 12-13 जुलाई को एक्सलेंट पब्लिक स्कूल पावरहाउस जयनगर में किया जायेगा। जिसमें जिला और मुख्य रूप से जयनगर प्रखंड और पंचायत के कार्यकर्ता प्रशिक्षण में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण सात सत्रों में आयोजित की जायेगी। प्रशिक्षण के निमित्त प्रांत, विभाग और पूर्णकालिक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अंतिम सत्र में संगठन से सम्बंधित बौद्धिक होगा। मौके पर विहिप जिला कार्यसमिति सदस्य महेश पांडेय, सुरेन्द्र प्रसाद मोदी, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख बिनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, सत्संग प्रमुख दिगंबर पांडेय, जिला कार्यवाह मुकेश राणा, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, सकलदेव राम, कैलाश लाल बर्णवाल, महेंद्र यादव, सुनील सिंह, अर्जुन चौधरी, रंजीत सिंह, राजु प्रसाद, हिरामन मिस्त्री, सुरेन्द्र शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनीष कुमार पांडेय, पप्पू पांडेय, अनिता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सात महीनों से पोस्ट आफिस बंद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो प्रखंड अर्तगत ग्राम पंचायत नावाडीह-में पिछले लगभग सात महीनों से पोस्ट ऑफिस बंद पड़ा है। नावाडीह चौराहे पर स्थित पोस्ट ऑफिस किराये का कमरा है, जो सात महीनों से बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि हम सबों का इस पोस्ट ऑफिस में आरडी और सेविंग अकाउंट है जिसमें लेन देन नहीं कर पा रहे हैं। जब कि इस पोस्ट आफिस में एक नियुक्ति भी है। नियुक्त व्यक्ति का नाम आशिष कुमार है जो कभी दिखा ही नहीं। इस समस्या का समाधान के लिए स्थानीय लोग मरकच्चो एसओ आफिस का चक्कर लगा कर थक गये।

## चलकुशा पुलिस ने क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च




**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में मोहर्रम त्योहार को देखते हुए थाना प्रभारी चितरंजन कुमार के नेतृत्व में चलकुशा, पलमा, चौबे, खरगू, मसकेडीह, कटघरा, सुदन, रागडीह, केंदूवा इत्यादि गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान ड्रोन कैमरा से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है और लोगों से मिल कर शांति पूर्ण तरीके से त्योहार मनाने कि अपील भी किया गया है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका भाजपा का पुतला



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हूल दिवस के दिन भोगनाडीह में हुई घटना के विरोध में झामुमो के नेता और कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक पर भाजपा का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे झामुमो केंद्रीय सदस्य सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि भोगनाडीह में हुई घटना भाजपा की सोची समझी साजिश थी, जिसे प्रशासन ने नाकाम किया है। भाजपा को सत्ता की लालच है मगर झारखंड की जनता उसके लालच को पूरा नहीं होने देगी। जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि भोगनाडीह में हूल दिवस कार्यक्रम को नाकाम कराने के लिए भाजपा नेता मंडल हेंब्रम ने एक माह पहले से आसपास के इलाके में धोती-साड़ी बंटवाकर साजिश रची थी, जिसे प्रशासन ने नाकाम कर दिया। पुतला दहन में वरिष्ठ नेता दिलीप वर्मा, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, केंद्रीय सदस्य विकास राणा, निसार अहमद, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, इचाक उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, इचाक प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, दयानंद मेहता, रामकुमार मेहता, इपतेखार अहमद, नईम राही, आनंद सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## माकपा के वरिष्ठ नेता कॉमरेड एस पी तिवारी के निधन पर शोक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सीपीआई (एम) का झारखंड राज्य सचिव मंडल अपने पूर्व सचिवमंडल सदस्य कॉमरेड एसपी तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज सुबह पटना के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने बयान जारी कर कहा कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के दौरान तत्कालीन एसएफआई के नेताओं प्रकाश करात और सुनीत चौपड़ा के संपर्क में आने के बाद वे एस एफ आई से जुड़ गये और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के संविधान का प्रारूप तैयार करने में भी कॉमरेड शिव प्रसाद तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। वे जेएनयू में पार्टी ब्रांच के सचिव भी थे उस ब्रांच में प्रकाश करात भी शामिल थे। 1977 में आपातकाल की समाप्ति के बाद पार्टी के निर्देशानुसार उन्होंने बिहार से काम करने का फैसला लिया। बिहार में आने के बाद उन्होंने पार्टी के पूरावक्ती कार्यकर्ता बनकर नौजवान मोर्चे पर काम करना शुरू किया और उन्हें जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव की जिम्मेदारी दी गयी। लगभग एक दशक तक उन्होंने जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया। उन्हें सीपीआई (एम) बिहार राज्य सचिव मंडल के सदस्य के रूप में भी निर्वाचित किया गया। बिहार के बंटवारे के बाद उन्होंने झारखंड में पार्टी की ज़िम्मेदारी संभालनी शुरू की और अपनी प्रतिबद्धता और समर्पित भाव से जिम्मेदारियों का निर्वाह करने की वजह से उन्हें पार्टी की झारखंड राज्य सचिव मंडल के लिए निर्वाचित किया गया। एकीकृत बिहार में उन्होंने 6 वर्षों तक संयुक्त संताल परगना जिला कमिटी के सचिव के रूप में भी काम किया। इस दौरान उन्होंने सामंती प्रभुत्व वाले इलाके सारठ के गांवों में सैकड़ों दलित बंधुआ मजदूरों को जो सामंतों के यहां गुलाम बनकर बेगारी करने के लिए मजबूर थे। उन्हें मुक्त कराकर उनका पुनर्वास कराने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। उनका निधन वामपंथी और क्रांतिकारी आंदोलन के लिए एक गहरी क्षति है। पार्टी का राज्य सचिवमंडल साथी एस. पी. तिवारी के निधन पर पार्टी का लाल झंडा झुकाते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सचिवमंडल उनकी पत्नी, पुत्र आशीष और पूत्री विनिता को अपनी गहरी संवेदना प्रेषित करता है।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानः विष्णुगढ़ से 65 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था रवाना



### सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान क्षेत्र के लोगों का तीर्थाटन का सपना कर रहा है साकारः करण

विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के अचलजामु से यात्रा को विदाई देते हुए सांसद के सुपुत्र करण जायसवाल ने जय श्री गणेश कहकर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में तीर्थयात्रा का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है और सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रवासियों के हित में इसे संजोने का प्रयास किया है। उनका मानना है कि इससे जरूरतमंद लोगों का तीर्थाटन का सपना साकार होगा और साथ ही हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि तीर्थ यात्रा आध्यात्मिक विकास और मोक्ष प्राप्ति का एक उत्कृष्ट साधन है, और इसे समाज में अक्षुण्ण रखने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का यह कदम सराहनीय है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ.खोखा सिंह और सह- सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के दूसरे चरण में ही विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु के निवासियों को तीर्थाटन का सुअवसर मिला है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि यह महाअभियान निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### दिखा भक्ति और उत्साह का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किये गये महत्वाकांक्षी सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामु गांव से धूमधाम से रवाना हुआ। अचलजामु स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह खोखा सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, मांडू विधानसभा क्षेत्र की मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, भाजपा नेता जुगनू सिंह सहित अन्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल- तासे के साथ पुष्प- वर्षा कर यात्रियों को यात्रा के लिए शगुन करके रवाना किया। इससे पूर्व यहां पहुंचे सांसद पुत्र करण जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंग- वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल, पानी बोतल उपलब्ध कराया गया तथा सभी को अंग- वस्त्र भेंटकर सम्मान भी किया गया। दूसरे जत्थे में अचलजामु पंचायत के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल के दर्शन के लिए प्रस्थान किये हैं।

**मौके पर गणमान्य लोग रहें मौजूदः** मौके पर विशेषरूप से विष्णुगढ़ भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, विष्णुगढ़ पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल के सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार वर्णवाल उर्फ. दीपू, मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक, पूर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, भाजपा पूर्वी मंडल के महामंत्री गोविंद महतो, सुशील कुमार मंडल, प्रकाश साव, ओमप्रकाश महतो, सुदेश चौधरी, पप्पू मंडल, हीरालाल सोनी, जीवन सोनी, अजय सोनी, बैजनाथ प्रसाद, बाबूचंद, रमेश स्वर्णकार, तुलसी सिंह, लखन साव, सांसद सेवा कार्यालय के रूपम ओझा, प्रबीर मंडल, सुमित कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# मवेशी की तस्करी करने वाले दस अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने अवैध रूप से मवेशी की तस्करी करने वाले दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मध्यरात्रि में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बिहार कि ओर से कोडरमा थाना के रास्ते अवैध पशु तस्करों द्वारा वाहन में चोरी छुपे पशु लादकर तस्करी किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक कोडरमा द्वारा कोडरमा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बागीटांड के पास वाहन जांच लगाया गया। वाहन जांच के क्रम में चार पिकअप वाहन को रोककर जांच किया गया तो उक्त चारो वाहनों में कुल 36 मवेशी (28 गाय और 8 बच्चा) लदा हुआ पाया गया। साथ ही पशुओं की अवैध तस्करी को लेकर कुल दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या-115/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बब्लू कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता कमलेश कुमार, सा०- कोठिया, थाना- किंजर, जिला- अरवल, मो कैफ कुरैशी, उम्र 20 वर्ष, पिता मो रौशन कुरैसी, सा बेलौडी, थाना मोहनिया, जिला कैमुर भभुआ, अरूण कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता मिथलेश यादव, सा शादिपुर, थाना बंशी, जिला अरवल, शिव कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता रामकृत यादव, सा कुरकुरी, थाना किंजर, जिला अरवल, आकिल कुरैशी, उम्र 30 वर्ष, पिता इलताफ कुरैशी, सा मुरादाबाद, थाना सासाराम, जिला रोहतास, रंजीत कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता उमेश प्रसाद, सा कुरकुरी, थाना किंजर, जिला अरवल, रौशन कुमार, उम्र 29 वर्ष, पिता सुदर्शन यादव, सा कुरकुरी, थाना किंजर, जिला अरवल, विकाश कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता- पिंटु कुमार, सा कुरकुरी, थाना किंजर, जिला अरवल अमित कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता मुन्ना यादव, सा कोठिया, थाना- किंजर, जिला अरवल, शाहीद कुरैशी, उम्र 25 वर्ष, पिता असलम कुरैशी, सा बेलौडी, थाना मोहनिया, जिला भभुआ शामिल हैं। वहीं पुलिस ने 36 मवेशी (28 गाय एवं 08 बच्चा) चार बोलेरो पिकअप संख्या- बीआर 56जी 3721, बीआर-01जीएन 8061, बीआर 56जी 4584 व बीआर -01जीएल 7718 को जब्त किया है। अभियान में थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान, पुअनि अरूण कुमार सिंह, कोडरमा थाना व सशस्त्र बल कोडरमा थाना शामिल थे।

## हाथियों ने कब्रिस्तान को किया क्षतिग्रस्त



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव कांड़तरी पंचायत के ग्राम ऊपर महूदी में आज दसवां दिन भी हाथियों का आतंक जारी रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की झुंड में ऊपर महुदी के कब्रिस्तान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा मिजार्पुर में दर्जनों किसानों के धान के बिचड़े को नुकसान पहुंचाया। महुदी के ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के उत्पाद के वजह से हम लोग डर के साए में जी रहे हैं। वन विभाग की टीम ने हाथियों को भगाने प्रभारी फॉरेस्टर अजय यादव, मुनाल भास्कर, प्रभात लकड़ा, बेचन महतो, जगन्नाथ राजवाड़ा, नजीर हुसैन, टीवटी टीम में सरजू महतो, सुखदेव महतो, करण महतो, शिवदयाल महतो, संजय महतो, अशोक महतो ने मुख्य भूमिका निभायी।

## दरगाहों और इमाम बाड़ों में सिरनी चढ़ायी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकचो समेत विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवो के दरगाहों और इमाम बाड़ो में मोहर्रम की सातवीं तारीख को काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग अपने अपने दरगाहों व इमामबाड़ों पर शाम को जमा हुए। इस मौके पर लोगो ने दरगाहों व इमाम बाड़ों में सिरनी चढ़ाया और फातिहाखानी की। मोहर्रम की सातवीं तारीख को प्रखंड मुख्यालय के सरकारी दरगाह समेत नादकरी, शाहगंज, कर्बला नगर, दूधअहरी, महूंगाय, लोहड़ियो, नावाडीह, दशारो, भोजपुर, मंझला नगर, मुरकमनाय के इमामबाड़ों और दरगाहों में केला कटाई और पैकर बांधने की रस्म भी पूरी की गयी। इस दौरान युवकों के द्वारा लाठी, भाला, तलवार, बाना आदि का करतब दिखाया गया। मौके पर तोकीर अहमद, साकीर अहमद, मो जावेद, साजिद शाह, इनामूल शेख, आजाद शेख, करीम अंसारी, समीम अंसारी, मिन्हाज अंसारी, जावेद नौसाद अंसारी, एरकान अहमद मस्तान, साबिर अली, मो अमजद, नसीम आलम, सोहराब आलम, अल्ताफ आलम, अफजल शेख आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने और बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजनाओं में पीट खुदाई में तेजी लेने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को शत प्रतिशत पूर्ण करने और प्रत्येक ग्राम में कम से कम 5 योजनाओं का क्रियान्वयन करने को कहा गया। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रवि शंकर, सहायक अभियंता चितरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त शशि कुमार यादव, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक और प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

# युवक को हाथी ने कुचल कर मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के बहेरी पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला निवासी रंजीत कुमार दास को हाथी ने कुचल कर जान ले ली। घटना शुक्रवार सुबह की बतायी जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके को शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह जब रंजीत गुड़वा जंगल गया था, तभी जंगली हाथी के अचानक हमले में उसकी मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर दुख व्यक्त किया। मौके पर बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव और सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुन्ना सिंह ने वन विभाग और मुफ्फसिल थाना को त्वरित रूप से सूचित कर राहत और बचाव कार्यों को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने शव को सदर अस्पताल भिजवाकर पोस्टमार्टम की तत्काल व्यवस्था कराई और अधिकारियों से बात कर 50,000 की तात्कालिक मुआवजा राशि पीड़ित परिवार को दिलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेष मुआवजा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को मिलेगा।

## महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने बांटे बीज



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा आइसीआर गोरिया कर्मा के सहयोग से धान, मकई, सब्जी का बीज वितरण किया गया। जिसमें आईसीएआर गोरिया कर्मा के सेंटिस्ट डॉक्टर पंकज कुमार सिंह, डॉक्टर प्रीति तिग्गा, जीटी भारत के प्रखंड कॉर्डिनेटर निर्भय कुमार, इचाक महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष अंजू देवी के द्वारा सभी सदस्य को दिया गया। इस दौरान बताया गया कि धान मकई सब्जी को समय पर आप लोग खेत में लगाये। मौके पर एफपीसी के डायरेक्टर नीतू देवी, सीमा देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, राधा देवी, इंदु देवी, लक्ष्मी कुमारी, सिंधु देवी, देवंती देवी, समाज सेवी कंचन प्रसाद मेहता, महेश पासवान, नरेश साव, अनिल कुमार मेहता, संदीप कुमार मेहता आदि उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दरिया जेपी चौक पर मोहर्रम के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता इचाक प्रखंड अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता के द्वारा किया गया। वहीं संचालन सदर मोइनुद्दीन अंसारी और युवा नेता ओमप्रकाश मेहता के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ संतोष कुमार, इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने कहा कि दरिया जेपी चौक पर चार पंचायत के जनप्रतिनिधि मिलकर एकता का मिशाल जो दिये हैं इसकी चर्चा पूरे हजारीबाग जिले में होती है। इस क्षेत्र में युवा पीढ़ी के लोग नशा का शिकार होते जा रहे हैं। नशा का सामान भी बेचते हैं। वैसे लोगों को चिन्हित कर दंडित करने का काम करें और आप लोगों से अगर नहीं होता है तो प्रशासन को सौंपने का काम करें। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि आप लोगों द्वारा कर्बला में जो भी समस्या है, रोड का जो दिक्कत है पानी का दिक्कत है। हमारा प्रयास होगा कि जितना जल्दी डस्ट का व्यवस्था कर डलवाने का काम करेंगे। पानी का व्यवस्था टैंकर से किया जायेगा। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव अर्जुन कुमार मेहता ने कहा कि क्षेत्र के युवा पीढ़ी से अपील है कि त्योहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाये। मौके पर बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम लेकर क्षेत्र में किया गया फ्लैग मार्च



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी मुहर्रम लेकर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने कोई कसर नहीं छोड़ेगी और हुड़दंगियों और वाटसेफ पर गलत मैसेज करने अफवाह फैलाने वाले ओर कड़ी नजर रख रही है। 06 जुलाई दिन रविवार को मुहर्रम है इसे लेकर टाटीझरिया सीओ नीलू टुडू, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल बल के साथ गुरुवार को झरपो, भराजो, अमनारी, बेडमक्का बोधा गुरुवार और शुक्रवार को मायापुर, धर्मपुर, डूमर, जेरूवाडीह सहित अन्य गांव के अखाड़े में फ्लैग मार्च किया। गांवों का हर कोना क्षेत्र ड्रॉन कैमरा द्वारा से सर्च किया गया कैमरे की नजर में मुख्य पथ रहेगा शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। नीलू टुडू ने निर्देश कि शांति पूर्ण तरीके से मुहर्रम का पर्व मनाये हुड़दंगियों पर नजर रखे। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने निर्देश दिया कि अभद्र गाना और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी अखाड़े की सेकेट्री इस पर ध्यान देंगे यदि कोई उपद्रवी हो या शक भी हो तो थाना को सूचित करें।

## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर सावंत इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**खपरियावां /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सावंत इंटर कॉलेज, खपरियावां में आज स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के सचिव रामकिशोर सावंत ने किया संचालन प्रभारी प्रचार्य दीपक कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर की गयी। तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनके विचारों को स्मरण किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सचिव श्री सावंत ने कहा की स्वामी जी केवल एक संत नहीं, बल्कि भारत के युवाओं के लिए एक विचारधारा हैं। उनका जीवन संदेश आज भी हमें साहस, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सभा में वक्ताओं ने यह भी कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का परचम विश्वभर में लहराया। उन्होंने तर्क, विज्ञान और सेवा को धर्म से जोड़कर एक नई दिशा दी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में 11वीं विज्ञान संकाय के नामांकन के लिए आवेदन शुरू

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं जो सत्र 2024-25 में सीबीएसइ या अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं की परीक्षा पास कर चुके हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य है, विशेष रूप से गणित और विज्ञान विषयों में। आवेदन फॉर्म विद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है और इसे दसवीं के अंक पत्र और आधार कार्ड के साथ 10 जुलाई तक जमा किया जाना अनिवार्य है। विद्यालय की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि आवेदनकर्ता झारखंड राज्य का निवासी होना चाहिए। नामांकन हेतु चयन परीक्षा 12 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे आयोजित की जायेगी। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य कुमार अश्विनी अमिताभ ने दी। इसी के साथ विद्यालय ने कक्षा 6वीं में नामांकन के लिए आयोजित की जाने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए भी सूचना जारी की है। इस चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गयी है, जबकि चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जायेगी। आवेदन वही छात्र-छात्राएं कर सकते हैं, जो वर्तमान में सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हैं और कोडरमा जिले के निवासी हैं।

## रिवाल्वर दिखा कर लूट लिया

गोला(आजाद सिपाही)। गोला थाना क्षेत्र के रोल गांव में बीती रात को अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। पांच से छह नकाबपोश अपराधियों ने रिवाल्वर दिखाकर महेंद्र प्रसाद के घर से नकदी समेत लाखों का सामग्री लूट लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महेंद्र प्रसाद गांव में ही बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर शाखा का बीसी का कार्य करता है। बीती रात को वह मगनपुर से अपने गांव रोला जा रहा था। जैसे ही वह अपने घर पहुंचा नकाबपोश अपराधियों ने उसे अपने कब्जे में कर लिया। सर में रिवाल्वर रखकर घर खोलने को कहा। परिजन जैसे ही घर खोले। सभी को रस्सी से हाथ पैर बांध दिया। अपराधियों ने परिजनों को धमकी दिया कि हल्ला करने पर सभी को जान से मार देंगे। अपराधियों ने घर में रखे दो लाख रूपया नकद, 80 से 85 ग्राम सोना, दो एंड्रॉयड फोन, एक कीपैड फोन एक बेग में भर लिया। लूट के बाद बाइक, कार और सभी परिजन के मोबाइल भी अपराधी अपने साथ ले गये। शुक्रवार की सुबह को पुलिस ने कार को करमा जारा के समीप बरामद किया है। वहीं बाइक को घर के बगल में एक झड़ी में छिपा हुआ मिला। मामले की जानकारी के बाद रात में ही पुलिस गांव पहुंची। मामले की विस्तृत जानकारी ली गयी।

### रामगढ़ जिले में तैयार होंगे दो लाख आपदा मित्र, शुरू हुआ प्रशिक्षण

# 70 प्रतिशत घर हो सकते हैं सुरक्षित : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आज हमारे समाज में हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट और इमरजेंसी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस इमरजेंसी में आम नागरिक हमेशा अस्पताल और मेडिकल सेंटर का आश्रय लेते हैं। लेकिन मरीज को 20 मिनट के गोल्डन आवर में फर्स्ट एड की जरूरत होती है। जिससे उसकी जान बच सकती है। यही वह समय है जिसमें आपदा मित्र की जरूरत पड़ेगी। इसी उद्देश्य से जिले में फर्स्ट एड को लेकर आम लोक नागरिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उक्त बातें शुक्रवार को रामगढ़ टाउन हॉल में आयोजित फर्स्ट एड ट्रेंनिंग के दौरान डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कही। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सीपीआर के बारे में ना सिर्फ पता होना चाहिए, बल्कि सीपीआर कैसे दिया जाता है, इसकी ट्रेनिंग भी उन्हें मिलनी चाहिए। इस प्रयास से रामगढ़ जिले के 70 फीसदी घर बड़ी आसानी से मेडिकल इमरजेंसी के दौरान सुरक्षित हो सकते हैं। आपदा मित्र का प्रशिक्षण इसीलिए दिया जा रहा है ताकि आम जनों और विद्यार्थियों को आपदा मित्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। यह सभी आपदा मित्र गांव-गांव जाकर सुरक्षा प्रहरी का निर्माण करेंगे, जिससे गांव से लेकर शहर तक लोग फर्स्ट एड की ना सिर्फ जानकारी रखेंगे, बल्कि वे पीड़ितों को राहत भी पहुंचायेंगे।



**जब सांस और पल्स बंद हो तब दे सीपीआर :** प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि जब किसी व्यक्ति की सांस बंद हो जाये और उसका पल्स भी खत्म हो जाए, तब उस मरीज को सीपीआर की जरूरत पड़ती है। सीपीआर के दौरान मरीज की छाती की हड्डी भी टूट सकती है, लेकिन यह प्रक्रिया दोहराना बेहद आवश्यक है, तभी उसकी जान बच सकती है। लेकिन जिस व्यक्ति को जरूरत ना हो तब सीपीआर देने से उसे परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है। प्रशिक्षण के दौरान 300 मास्टर ट्रेनरों को चिकित्सकों ने इस अंतर के बारे में ना सिर्फ समझाया, बल्कि डमी पुतले के साथ उन्हें सीपीआर देने का पूरा प्रशिक्षण दिया।

### 2500 आपदा मित्र का शुरू हुआ प्रशिक्षण

टाउन हॉल में 2500 आपदा मित्र का प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू हो गया है। पहले दिन 300 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। अगले 10 दिनों में ढाई हजार लोगों को प्रशिक्षित कर दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में रामगढ़ एसपी अजय कुमार, डॉक्टर हिना शादिया के अलावा रामगढ़ सदर अस्पताल जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज डॉ उदय श्रीवास्तव के चिकित्सक भी शामिल हुए। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान सीपीआर, बर्निंग और ब्लीडिंग को लेकर भी उनको प्रशिक्षित किया जायेगा। सबसे ज्यादा तकनीकी ज्ञान सीपीआर को लेकर ही लोगों को दिया जाना है। यह बेहद जरूरी है कि लोग जाने की किसी मरीज को सीपीआर की जरूरत कब पड़ सकती है। किसी भी व्यक्ति को खेतों में काम करते हुए, घरों में, कार्यालय में, सड़कों पर, किसी कार्यक्रम के दौरान, नदी और तालाब में नहाने के दौरान, दुर्घटना के दौरान हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट हो सकता है। घटना के 15 से 20 मिनट के अंदर अगर उस मरीज को सीपीआर मिल जाए तो उसकी जान बच सकती है। यह कभी भी किसी के घर और परिवार वालों के साथ हो सकता है। मेडिकल आंकड़ों के अनुसार 70 फीसदी हादसे घरों में ही होते हैं। अगर सीपीआर का ज्ञान ना हो तो लोग अस्पतालों का चक्कर लगाते हैं, जिससे वे अपनों का साथ खो देते हैं।

**2 लाख आपका मित्र करने की तैयारी हुई शुरू :** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि रामगढ़ जिले में 2 लाख आपदा मित्र तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। अगर यह टीम तैयार हो जाती है तो जिले की 70 फीसदी आबादी सुरक्षित हो जायेगी। आज के समय में मेडिकल इमरजेंसी कभी भी हो सकती है। लेकिन अगर आम नागरिकों को फर्स्ट एड देना आता हो तो लोग अपने परिजनों और करीबियों को मौत के मुंह से खींच कर ला सकते हैं। फर्स्ट एड में हुई देरी आपके करीबियों को आपसे हमेशा के लिए दूर भी कर सकता है।


**ई-नीलामी के माध्यम से द. पू. रेलवे की स्क्रैप बिक्री**

सं.: एसईआर/मुख्यालय-एसटीओआर0सेल (डीएसपीएल)/1/2025-26 सेल/1 दिनांक: 03.07.2025

अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम

| मंडल | अतिरिक्त ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|
| चक्रधरपुर मंडल | 11.07.2025 |

नोट: ई-नीलामी कार्यक्रम और सूची के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट: www.ireps.gov.in/e-Auction पर जाएं।

(PR-357) प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, गार्डन रीच

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


## किसानों के बीच खरीफ बीज का वितरण



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम के तहत केंद्र प्रायोजित कृषोन्नति योजना के अंतर्गत किसानों के बीच धान, मडुवा और मूंगफली के बीजों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करने की आवश्यकता है, जिससे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को प्रशिक्षण, हाईब्रिड बीज, खाद और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है। सुधीर मंगलेश ने यह भी जानकारी दी कि मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार किसानों को 3,000 की प्रोत्साहन राशि दे रही है। इससे न केवल किसानों की आमदनी बढ़ेगी, बल्कि पोषणयुक्त अन्न उत्पादन को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेती से गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और पलायन पर भी अंकुश लगता है। इस मौके पर सहायक तकनिकी प्रबंधक अफताब अहमद अर्पणा शर्मा प्रखंड तकनिकी प्रबंधक अनुपा टोपनो उत्तम कुमार, विनोद कुमार, करमू कुमार, सुमित कुमार, रुकेश कुमार, प्रेम मुंडा, विक्रम सिंह आदि का नाम उल्लेखनीय रहा।

## रउता में सड़क मार्ग जर्जर, निर्माण की मांग



कुजू (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र सेवटा स्थित रउता जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिसे राहगीरों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों का हाल बहाल और स्थिति दयनीय हो गयी है। जहां गड्ढे में पानी भर जाने के कारण छोटे-बड़े वाहनों को चलने काफी मुश्किल हो रहा है। साथ ही, सड़क पर गिरकर लोग घायल हो रहे हैं। वही, इस मार्ग पर स्थित रूट्स माउंट्स स्कूल के बच्चों को भी विद्यालय आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों से उड़ने वाले कीचड़ स्कूली बच्चों के कपड़ों को खराब कर दे रहा है। इस सड़क मार्ग में काफी बड़े-बड़े फैक्ट्रियां संचालित है। जिससे बड़े-बड़े वाहनों का आवागमन हो रहा है। परंतु न तो फैक्ट्री प्रबंधन और न ही नगर परिषद के अधिकारी ही इसकी सुध ले रहे हैं। सड़क की जर्जर हालत के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रबंधन और विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन से पक्की सड़क बनाने की मांग की है। अन्यथा आगामी दिनों होने वाले किसी भी तरह के चुनाव से पूर्व पक्की सड़क नहीं बनने पर रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा देते हुए वोट बहिष्कार करने की बात कही है। सड़क निर्माण कराने की मांग करने वालों में राजेश प्रसाद, रामचल मुंडा, प्रभु प्रसाद, शिवनंदन प्रसाद, जिमी प्रसाद, केदार प्रसाद, पंडरा मुंडा, सुनील मुंडा, कारू मुंडा, कुलदीप प्रसाद आदि शामिल हैं।

### एमडीओ कैलिबर माइनिंग एंड जेवी कंपनी के खिलाफ उड़सू में रैयती की बैठक

# कंपनी की मनमानी के खिलाफ किया जायेगा बड़ा आंदोलन: जीवन दास



आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित गांव उड़सू में शुक्रवार को ग्रामीण रैयत की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता सूरज उरांव, संचालन कुंदन पासवान ने की। बैठक में ग्रामीण वक्ताओं ने सीसीएल प्रबंधन की रवैया और न्यू एमडीओ कैलिबर माइनिंग एंड लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी के आते ही मनमानी के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए विरोध जताया। विस्थापित ग्रामीणों ने कहा की पूर्व जो भी कंपनियां कोल उत्खनन करने के लिए आए थे। उसके पहले गांव-गांव में बैठक कर रोजी-रोजगार और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सहमति बनाने के बाद कार्य करते थे। लेकिन जब से कैलिबर माइनिंग कंपनी काम लेकर आयी है, और बिना ग्रामीणों की जानकारी दिये आम्रपाली कोल परियोजना में तीसरी फेज की कोल खनन और ओबी हटाने की कार्य को लेकर कोल माइंस में विधिवत पूजा अर्चना किया गया है जिसकी ग्रामिणों ने घोर निंदा करते हुए विरोध जताया। रैयत जीवन दास ने कहा की 150 घरों को पहले विस्थापन कहां करेगी सीसीएल और एमडीओ कंपनी ये तय करे, फिर कोल खनन की कार्य करें, आम्रपाली कोल परियोजना खुले 15 वर्ष होने चला। लेकिन सीसीएल की तानाशाही आज भी बरकरार है। अगर इस तरह की मनमानी रही तो बड़ा आंदोलन कर संपूर्ण कार्य को ठप कर दिया जायेगा। वहीं क्षोभ व्यक्त किया गया कि विस्थापित रैयत ग्रामीण की उपस्थिती के बिना कंपनी द्वारा पूजा कर कार्य की शुरुआत की गयी है। अभी से ही षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया गया है जिसको रैयतो द्वारा सफल कभी नहीं होने दिया जायेगा। इस मौके पर जयराम उरांव, राजकुमार नारायण चौधरी, जीवन दास, राजेंद्र उरांव, विनोद भुईयां, रामलाल उरांव, सुनील भुईयां, राजेश उरांव, अमर यादव, बिक्की पासवान, शीतली देवी, गंगिया देवी, रवीना देवी, संजू देवी, रिंकी देवी और सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

गोला (आजाद सिपाही)। रामगढ़ बोकारो एन एच 23 मठवाटांड के समीप शुक्रवार शाम को हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। युवक की पहचान डाड़ी थाना क्षेत्र के हुसीर गांव निवासी अमरलाल चौधरी का पुत्र कौशल कुमार 25 वर्ष के रूप में हुई। घटना के संबंध में बताया गया कि कौशल नकटी गढ़ा स्थित गोला नर्सिंग होम में रिसेप्शनिस्ट का कार्य करता था। शुक्रवार को वह स्कूटी लेकर मोबाइल बनाने कहकर नर्सिंग होम से निकला। मठवाटांड के एक एक दुकान से मोबाइल बनाने के बाद वह वापस लौटा रहा था। इसी दौरान बोकारो से रांची की और जा रहे 709 वाहन जेएच02बीआर 5762 ने स्कूटी को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे स्कूटी सवार बीच सड़क में गिर गया। इसके बाद वाहन का एक चक्का युवक के माथे में चढ़ गया। जिससे युवक का माथा पूरी तरह से क्षत - विक्षत हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में करते हुए स्कूटी और 709 वाहन को जब्त कर लिया है। बताया गया कि मृतक युवक के परिजन धवैया में रहते है। उसके पिता वहीं मेडिकल प्रैक्टिस करते हैं। घटना की जानकारी के बाद देर शाम को मृतक के परिजन पहुंच गये थे।

## 30 घंटे की लंबी खींचतान के बाद फैक्ट्री गेट से मृतक महिला का शव उठा



कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के बुढ़ाखाप (करमा) स्थित आलोक स्टील फैक्ट्री गेट के सामने पिछले 30 घंटे से मृतक महिला ठेका कर्मी का शव के साथ चल रहा जेएलकेएम समर्थित ग्रामीण व परिजनों का धरना प्रदर्शन अंततः गुरुवार देर रात काफी खींचतान के बाद समाप्त हो गया। कुजू पुलिस के हस्तक्षेप के बाद तीन घंटे चली लंबी बैठक में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा काफी ना नुकर के बाद ग्रामीणों के जोरदार आंदोलन को देखते हुए अंततः पांच लाख रुपए नगद एवं एक आश्रित को नौकरी देने की बात पर सहमति जताए जाने के बाद धरना प्रदर्शन में शामिल मृतक के परिजन एवं ग्रामीण शव उठाने पर सहमत हुए। प्रबंधन द्वारा मृतका के पुत्र दिलीप महतो को मौके पर चार लाख रुपए का चेक एवं एक लाख नगद रुपया दिया गया। इधर, मरमगढ़ा नदी तट पर शुक्रवार की सुबह अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग नम आंखों से आशो देवी का अंतिम विदाई दी। मालूम हो कि बुढ़ाखाप, करमा निवासी आशो देवी (57 वर्ष) पति रामेश्वर महतो का आलोक स्टील फैक्ट्री में मजदूरी के दौरान सोमवार की दोपहर अचानक सीने में दर्द उठा था। बुधवार को इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने भारी बारिश के बीच टेंट लगाकर मुआवजा की मांग करते हुए फैक्ट्री गेट के समक्ष शव के साथ अनिश्चितकालीन धरना में बैठ गए थे। वार्ता में जीएम सुमेन पांडेय, कुजू पुलिस की ओर से अनि अख्तर अली, जेएलकेएम के मांडू विस पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो, रूपा महतो, लीलावती देवी, सुलेखा महतो, ममता देवी, रवि कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, बबीता देवी, बबीता कुमारी, गुड्डी देवी, रमेश महतो, प्रीति महतो, प्रभु दयाल महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण और परिजन शामिल रहे।

## श्रवण कुमार साहू बने कांग्रेस पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज प्रखंड निवासी श्रवण कुमार साहू को कांग्रेस पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया यह मनोनयन प्रदेश कमेटी के द्वारा किया गया। श्री साहू को जिला अध्यक्ष बनने पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कुमार ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष प्रसाद साहू पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू प्रदीप गुप्ता, प्रमोद दुबे, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, ओमप्रकाश पाठक मोहम्मद, प्रमोद त्रिवेदी, नसरुद्दीन, राजवीर, मोहम्मद फारूक अशोक कुमार, परिदर्शी कुमार, आशुतोष सिंह, गोविंद पांडे, सुनील दास, साकेत बिहारी शर्मा, विक्रम, जलकर नैन, रिकुबुल, मनोज सिंह के अलावा सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया है। श्री साहू ने कहा कि जिले में सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से मैं कार्य करूंगा। पार्टी ने मेरे कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मैं ईमानदारी पूर्वक पार्टी को मजबूत करूंगा और पार्टी के विचारधारा के अनुरूप समाज के वंचित वर्गों की आवाज बनकर संगठन को गांव- गांव तक पहुंचाने का काम किया जायेगा।

## मौसेरे भाई से लड़ाई के बाद की आत्महत्या

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर के सुरही मोहल्ला में मामूली बात को लेकर दो मौसेरे भाईयों के बीच झगड़ा हो गया। इस बात से नाराज होकर 16 वर्षीय युवक श्रवण पांडेय ने फांसी से लटक कर आत्महत्या कर लिया। मृतक युवक ने एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि बाबाघाट मैदान में कमलेश ने उसे रोक कर पिटाई कर दिया। उसके अभिभावक भी उसपर विश्वास नहीं करते हैं और कहते हैं कि तुम्हारा ही गलती होगा। हमको इस बात पर इंसाफ चाहिए। इसलिए सुसाइड कर रहा हूं। क्योंकि अब हमसे यह दुख बर्दाश्त नहीं होता। पुलिस ने मृतक का सुसाइड नोट जब्त कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि मृतक युवक श्रवण पांडेय गिद्धौर प्रखंड के पांडेय टोला निवासी स्व दीपेंद्र पांडेय का पुत्र था। उसके पिता की मृत्यु चार वर्ष पूर्व हो गई थी। उसकी मां उर्मिला देवी अपने दो बेटों के साथ सुरही मोहल्ला में किराए के मकान में रह रही है। मृतक की मां उर्मिला देवी ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र के पेलतौल गांव निवासी उसकी बहन व उसका बेटा कमलेश पांडेय नगवां मोहल्ला में किराए के मकान में रहता है। उसकी बहन बेटा कमलेश पांडेय उसके बेटे श्रवण पांडेय को वेवजह तंग व मारपीट करता रहता था। कल भी कमलेश पांडेय ने उसके बेटे के साथ मारपीट किया था। शाम में श्रवण ने घर लाकर यह बताया था कि कमलेश ने उसके साथ मारपीट किया है। उसे समझा बुझा कर शांत करा दिया था। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उसके बेटे की मौत का जिम्मेवार कमलेश पांडेय ही है।

## झगड़े में 5 साल के बच्चे की मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में बुधवार की शाम दो बच्चों के बीच हुए झगड़े में 5 वर्षीय कार्तिक कुमार की दुखद मौत हो गयी। मृतक के पिता वीरु कुमार भारती ने बताया कि कार्तिक पड़ोस की दुकान से बिस्कुट लाने गया था, जहां खेल के दौरान दूसरे बच्चे से उसका झगड़ा हो गया। इस बीच, पूर्व मुखिया केदार भुईया के बेटों, 15 वर्षीय रीशु कुमार और 13 वर्षीय डीसू कुमार ने कार्तिक को उठाकर पत्थर के छर्री पर पटक दिया, जिससे उसकी गर्दन मुड़ गयी और वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में कार्तिक को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने रीशु और डीसू के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में सीसीएल की नाकामी उजागर

# कोयला के अवैध खनन पर कार्रवाई में फिसड्डी है सीसीएल, डीसी ने जतायी चिंता



बीरू कुमार

रामगढ़(आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में सीसीएल की नाकामी उजागर हुई है। अवैध कोयला खनन पर रोक लगाने में फिसड्डी साबित हुई है। जिसे लेकर डीसी ने नाराजगी व्यक्त की है। डीसी के नेतृत्व में आयोजित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में जब इस मुद्दे पर चर्चा हुई तो सीसीएल के द्वारा की गयी कार्रवाई फिसड्डी साबित हुई। रामगढ़ जिले में सीसीएल के रजरप्पा, अरगड्डा, कुजू, चरही, बरकासायल, प्रक्षेत्र में कोयले का खनन होता है। इसके अलावा टाटा स्टील लिमिटेड को भी कोयला खनन के लिए माइंस लीज पर दिया गया है। सीसीएल के द्वारा जिस क्षेत्र में अपना काम किया जा रहा है वहां कई स्थानों पर कोयला तस्करों के द्वारा अवैध मुहाना बना दिया गया है। जिसको पूर्ण रूप से ध्वस्त करने में सीसीएल को कामयाबी हासिल नहीं हो पा रही है।

**टास्क फोर्स की बैठक में उजागर हुई सीसीएल की नाकामी :** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जब टास्क फोर्स की बैठक की तो प्रस्तुत रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो गया कि सीसीएल के पदाधिकारी इस मुद्दे पर बेहद उदासीन है। रजरप्पा प्रक्षेत्र के जीएम के द्वारा जो रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया, उसमें बताया गया कि भूचुंगडीह में भैरवी नदी के किनारे लगभग अवैध मुहानों को राख, छाई और मिट्टी से भरकर ढंक दिया गया है। कुछ जगहों में दरार से धुआं अभी भी निकल रहा है। जल्द ही दरार को भरकर धुआं बंद कर लिया जायेगा। रजरप्पा प्रोजेक्ट खनन पट्टा क्षेत्र के पत्थलगढ़वा गांव के समीप अवैध कोयला भंडारण का मामला संज्ञान में आया था। जहां से तकरीबन 150 टन कोयला जब्त किया गया है। रजरप्पा क्षेत्र के कोयला स्टॉक नंबर 43 में लगी आग को भी बुझा लिया गया है। लेकिन रजरप्पा सीसीएल क्षेत्र के अवैध मुहानों के बारे में ना तो कोई जानकारी दी गयी, ना ही कार्रवाई के बारे में कुछ स्पष्ट तौर पर रिपोर्ट पेश की गयी।

**सीसीएल की कार्रवाई पर डीसी ने जताया असंतोष :** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सीसीएल के द्वारा की गयी कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया है। डीसी के द्वारा पूछे गए सवाल पर सीसीएल के प्रतिनिधियों ने संतोषप्रद जवाब भी नहीं दिया। डीसी ने जिला खनन टास्क फोर्स की आगामी बैठक में सभी जीएम को स्वयं उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि उनके क्षेत्र में सभी अवैध मुहाने को चिन्हित कर स्थाई रूप से बंद करें। साथ ही कोयला खनन पट्टा के हर मुख्य एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाये। अगर सीसीएल के क्षेत्र से साइकिल, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर व अन्य छोटे-बड़े वाहनों से कोयले की अवैध ट्रांसपोटिंग की जिम्मेदारी भी सीसीएल के महाप्रबंधकों पर होगी।

### सीसीएल क्षेत्र में अभी भी चल रहा अवैध मुहाना

टास्क फोर्स की बैठक में अरगड्डा प्रक्षेत्र के जीएम ने स्पष्ट किया कि उनके क्षेत्र में चार अवैध मुहाने को डोजरिंग कर बंद किया गया। लगभग 70 टन अवैध कोयला भी जप्त किया गया है। लेकिन उनके क्षेत्र में कितने अवैध मुहाने हैं इसके बारे में जानकारी नहीं दी गयी। चरही प्रक्षेत्र में 25 अवैध मुहाने की जानकारी सीसीएल को है, लेकिन अभी तक 7 अवैध मुहाने को ही डोजरिंग कर बंद किया जा सका है। कुजू क्षेत्र में भी 25 अवैध मुहाने कोयला तस्करों के द्वारा बनाए गये हैं, जिसमें 12 अवैध मुहाने को ही बंद किया जा सका है। बड़कासयाल प्रक्षेत्र में सिर्फ एक अवैध मुहै को डोजरिंग कर बंद किया गया। लेकिन वहां कितने अवैध मुहाने से कोयले की तस्करी हो रही है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी। टाटा स्टील लिमिटेड ने बताया कि उनके क्षेत्र में कोई भी अवैध मुहाना नहीं है।

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस मना




रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त दिवस मनाया गया। इस दौरान क्लब द्वारा शहर के न्यू बस स्टैंड में स्थित सब्जी मार्केट में लगभग 200 थैला का निःशुल्क वितरण किया, जो ग्राहक बिना थैला के सब्जी खरीदने आए थे उन्हें थैला दिया गया। सब्जी विक्रताओं को भी निःशुल्क थैला वितरण करते हुए कहा गया कि प्लास्टिक में सब्जी न दें, बल्कि इस थैलों में सब्जी दे। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रूपेश गुप्ता थे। मौके पर अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने कहा कि प्लास्टिक देश के लिए कैंसर के समान है, हम लोगो को इस देश को प्लास्टिक मुक्त देश बनाना है। वही, सचिव रोहित पंसारी ने लोगो से अपील किया कि हम सभी को वस्तुएं खरीदने के लिए घर से थैला लेकर निकलना चाहिए, ताकि प्लास्टिक का प्रयोग कम हो। कार्यक्रम में उमेश राजगढ़िया, हरीश चौधरी, सुमन चौधरी, सूरज अग्रवाल, भरत गोयल, प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## वन विभाग कार्यालय में जमा कोयला को सीसीएल को सौंपा

कुजू (आजाद सिपाही)। वन विभाग, ने वन परिसर कुजू कार्यालय में डेढ़ दशक से पड़े सैकड़ों टन कोयला को सीसीएल विभाग को सौंपने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पहले दिन कोयले को लोडर के सहारे हाइवा में लोड कर सीसीएल न्यू साइडिंग भेजा गया। जिसमें करीब छह सौ टन कोयला का उठाव किया गया है। मालूम हो कि कोयला खाली होने बाद उक्त जगह पर वन विभाग द्वारा भवन निर्माण कराया जायेगा। इस अवसर पर रेंजर बटेश्वर पासवान, वनरक्षी पवन कुमार अग्रवाल, सीसीएल के हेमंत कुमार सिंह समेत कई शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना से एक की मौत, एक घायल

लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)। बुधवार की बीती रात थाना क्षेत्र के बांदू गांव निवासी सीता यादव की सड़क दुर्घटना से मौत हो गया है। जानकारी के अनुसार सीता यादव अपना नया ट्रैक्टर खरीद कर अपने घर बांदू आ रहे थे। आने के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के बधार गांव बाजार टांड स्थित पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे टेलर वाहन ने साइड लेने के दौरान ट्रैक्टर में पीछे लगे हल में फंस गया। जिससे ट्रैक्टर दूसरी दिशा में अचानक घूम कर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चला रहे सीता यादव की घटनास्थल पर मौत हो गयी। साथ में बैठे राजेंद्र यादव पूरी तरह घायल हो गया है।

# दलाई लामा के साथ भारत

उत्तराधिकार के मसले पर भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। इसमें कुछ भी अप्रत्याशित नहीं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं एवं मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी।

**चीन से टकराव :** 14वें दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी Gaden Phodrang Trust को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन का कहना है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए।

**दलाई लामा की ताकत :** तिब्बत के लिए दलाई लामा केवल धार्मिक गुरु नहीं हैं - वह उसकी सांस्कृतिक पहचान, उसके वजूद और उसके ताकत के केंद्र हैं। 1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गये हैं - चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है।

> 1959 में जब उन्हें कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गये हैं - चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा।

**भू-राजनीतिक असर :** चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़ कर जियो-पॉलिटिक्स का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे।

**दबाव डालने का मौका :** चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नयी दिल्ली-पेइचिंग तनाव का एक कारण यह भी है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है - अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर प्रति लाख जनसंख्या पर 71.8 है, जो 66.4 प्रति लाख के राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है, जबकि दोष सिद्धि की दर अत्यधिक कम है। मार्च में कर्नाटक के हंपी में 5 लोगों के लिए एक भयावह स्थान बन गया। इस घटना में 2 इसराईली महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 3 पुरुषों को नहर में फेंक दिया गया। यह घटना हमें स्मरण कराती है कि एक दशक पहले निर्भया बलात्कार कांड जैसे जघन्य यौन हिंसा और अपराध देश भर में अभी भी जारी हैं और इस तरह की घटनाएं देश में असंख्य महिलाओं के साथ हो रही हैं।**

# बलात्कार और वास्तविकता : देश अपने स्त्री धन की रक्षा करने में विफल

पूनम आई. कौशिश



भारत में बालिकाओं और महिलाओं के विरुद्ध युद्ध छिड़ा हआ है। जघन्य बलात्कार, घरेलू दुर्व्यवहार और हिंसा की खबरें हर दिन सुनने को मिलती हैं, किंतु पिछले 3 महीनों में 3 घटनाओं ने हमें पुनः विस्मित कर दिया है। कोलकाता के एक कालेज परिसर में तृणमल छात्र परिषद के एक पूर्व नेता और उसके साथियों द्वारा एक 24 वर्षीय विधि छात्रा का सामूहिक बलात्कार न केवल एक दुखद विसंगति है, अपितु यह राज्य प्रणाली पर एक गंभीर आक्षेप भी है, जो महिलाओं की रक्षा करने में बारंबार विफल हो रहा है। आरजीकर मेडिकल कालेज में एक स्नातकोत्तर छात्रा के बलात्कार और हत्या के बावजूद यह घटना बताती है कि इस अवधि में कुछ भी नहीं बदला है।

पश्चिम बंगाल में संस्थाएं अब खतरनाक रूप से असुरक्षित हो रही हैं और दोषी व्यक्तियों को अक्सर राजनीति बचा लेती है। हालांकि ममता की तृणमूल कांग्रेस ने इस जघन्य घटना की सार्वजनिक रूप से निंदा की है, किंतु छात्र सुरक्षा और राजनीतिक हस्तक्षेप के व्यापक मुद्दों पर उसकी चुप्पी बहुत कुछ बता देती है।

> देश में 60 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं, जिनमें से अनेक सिंगल होते हैं और उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाता है।

राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर प्रति लाख जनसंख्या पर 71.8 है, जो 66.4 प्रति लाख के राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है, जबकि दोष सिद्धि की दर अत्यधिक कम है। मार्च में कर्नाटक के हंपी में 5 लोगों के लिए एक भयावह स्थान बन गया। इस घटना में 2 इसराईली महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और 3 पुरुषों को नहर में फेंक दिया गया।

यह घटना हमें स्मरण कराती है कि एक दशक पहले निर्भया बलात्कार कांड जैसे जघन्य यौन हिंसा और अपराध देश भर में अभी भी जारी हैं और इस तरह की घटनाएं देश में असंख्य महिलाओं के साथ हो रही हैं। जब इन मामलों पर शोर होता है तो हमारे देशवासी इन पर क्रोध और प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, किंतु सत्ता के गलियारों तक इस विरोध की आवाज नहीं पहुंचती।

राजनीतिक मौन ऐसी घटनाओं को दोहराने का कारण बनता है। पिछले वर्ष जब झारखंड में स्पेन की एक पर्यटक और उसकी सहयोगी के साथ बलात्कार किया गया, तो हमारा राष्ट्रीय महिला आयोग इस बारे में चिंतित था।

हमारे पूरे देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। देश में 60 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं, जिनमें से अनेक सिंगल होते हैं और उनकी सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाता है। यह अलग बात है कि कर्नाटक के क्षेत्रफल के छठे भाग के बराबर अल्बानिया में 1 करोड़ 20 लाख पर्यटक आते हैं, किंतु वे सुरक्षित हैं।

निःसंदेह भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक और असुरक्षित स्थानों में शीर्ष रैंकिंग में रखा गया है, जहां पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के अनुसार बलात्कार एक राष्ट्रीय समस्या है। यह अतिशयोक्तिपूर्ण लगता है, किंतु लगता है हम ऐसे समाज में रहते हैं जहां पर वैवाहिक जीवन में बलात्कार कानूनी है और इसके चलते अगर यदि पत्नी की मृत्यु भी हो जाती है, तो इससे पति प्रभावित नहीं होता। शायद इसका संबंध हमारी पितृ सत्तात्मक विरासत से है, जहां पर हम महिलाओं को सम्मान नहीं देते। हाथरस बलात्कार मामला उन लोगों की बर्बरता को दर्शाता है, जो लिंग और जाति की सत्तारूढ़ पदानुक्रम प्रणाली में शीर्ष स्थान पर बैठे हुए हैं।


स्पष्ट है कि एक ऐसे पश्चगामी सोच वाले समाज में, जहां महिलाओं के लिए स्वतंत्रता और समानता व्यभिचार के समान मानी जाती है, ऐसे में हम दो विपरीत परिस्थितियों में रह रहे हैं, जहां पर बालिका का जन्म एक बुरी खबर मानी जाती है और उसे एक निश्चित मानदंडों के साथ पाला पोसा जाता है, ताकि नौका न गड़बड़ाये और उन पर महिलाओं के संरक्षण के नाम पर अनेक प्रतिबंध लगाये जाते हैं, जहां पर पिता नियम बनाता है, पति उनको लागू करता है और पुरुष बॉस उन्हें दोराहते हैं। आज भी महिलाओं के एक बड़े वर्ग में उनके शरीर पर उनका कोई अधिकार नहीं है और उन्हें सैक्स की वस्तु और मानव के रूप में पशु जैसे पुरुषों के आनंद की वस्तु माना जाता है, जिन्हें हर कदम पर समझौता करना होता है। उन पर अनेक बंदिशें लगाई जाती हैं। जघन्य अपराधों के लिए अपराधियों को दंडित करने की बजाय पीड़ित को दोष देना और महिलाओं को अपनी पसंद के लिए उन्हें बदनाम करना कोई सम्मान की बात नहीं है। शादी करना और बच्चे पैदा करना आज महिलाओं का मुख्य कार्य रह गया है। बलात्कार केवल वासना या क्रोध का कार्य नहीं है, यह अक्सर वर्चस्व का प्रदर्शन भी है, जिसे व्यवस्था की विफलता और सांस्कृतिक मौन बढ़ावा देता है। जब तक सामाजिक और राजनीतिक तौर पर समस्या का मिलकर समाधान नहीं किया जाता, महिलाओं की सुरक्षा में सुधार केवल दिखावटी रह जायेंगे।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार प्रति मिनट महिलाओं के विरुद्ध अपराध होते हैं, प्रत्येक 5 मिनट में महिलाओं के साथ बलात्कार होता है, 77 मिनट में दहेज के कारण मौत होती है, पति या रिश्तेदारों द्वारा प्रत्येक मिनट में महिलाओं के साथ क्रूरता या अपराध होता है और इसी के चलते हमारे देश में बालिका भ्रूण हत्या या गर्भपात की घटनाएं बढ़ती हैं। निःसंदेह महिला सुरक्षा के लिए इस संबधं में तत्काल कदम उठाये जाने चाहिए। इस संबंध में पुलिस को बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के मामलों की जांच करने की स्वायत्तता दी जानी चाहिए। आंतरिक शिकायत समिति को शक्तियां दी जानी चाहिए और संकट प्रकोष्ठों में महिलाओं के प्रति संवेदनशील पेशेवर लोगों को तैनात किया जाना चाहिए। बलात्कार पीड़ितों को कानूनी सहायता, मानसिक स्वास्थ्य समर्थन उपलब्ध कराये जाने चाहिएं और ऐसे मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक न्यायालयों में होनी चाहिए। हमें यौन उत्पीड़न के बारे में अपने दृष्टिकोण को बदलना होगा। कानूनों को कठोर बनाया जाना चाहिए, जिसके चलते पुरुष ऐसे अपराध करने से पहले हजार बार सोचे। इसके अलावा पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के लिए कदम उठाये जाने चाहिए।

हमारे नेताओं को इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। सरकार ने महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने और फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के झूठे वायदे किए हैं। यदि भारत एक ऐसा देश बनना चाहता है, जहां पर समानता और न्याय को महत्व दिया जाता है, तो उसे सत्ता के चंगुल से बाहर निकलना और कानून का शासन पुनः स्थापित करना होगा। हमें महिलाओं को पुरुषों की विलासिता की वस्तु मानने पर अंकुश लगाना होगा। क्या हम केवल सांकेतिक कदम उठायेंगे या नई दिशा दिखा कर महिलाओं को इससे मुक्त करेंगे? क्या महिलाओं की सफलता के लिए हम एक नयी शुरुआत करेंगे?

## कोल्हान की खबरें

### डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जन शिकायत निवारण दिवस में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याएं सुनीं। लोगों ने विद्यालय में नामांकन, शुल्क माफी, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ, पेंशन स्वीकृति, वेतन भुगतान में विलंब, अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत न होने, भूमि विवाद, पारिवारिक कलह और सार्वजनिक सड़क पर नाली का पानी बहने जैसी समस्याएं रखीं। डीसी ने सभी मामलों में संबंधित विभागों को शीघ्र जांचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया सभी वाजिब शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निपटारा किया जायेगा। शिकायतों के निष्पादन व फॉलो अप के लिए जन सहायता कोषांग और ऑनलाइन पोर्टल भी सक्रिय है, ताकि आवेदनों को त्वरित अग्रसारित किया जा सके। डीसी ने सभी लंबित आवेदनों पर 10 दिनों में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति की हुई बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने शुक्रवार को जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक में भाग लिया। विधायक ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास की जा रही हैं। विधायक ने जानकारी दी पोटका के प्रमुख विद्यालयों को +2 में अपग्रेड करने की सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर विभाग को सूची भेज दी गयी है। जमशेदपुर प्रखंड के चार ग्रामीण और शहरी विद्यालयों को चिन्हित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। विधायक ने भरोसा दिलाया जल्द ही क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव दिखेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित सांसद प्रतिनिधि और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### युवा कांग्रेस की चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने अपनी टीम का नामांकन पूर्वी सिंहभूम जिला युवा कांग्रेस चुनाव के लिए कराया है। नामांकन में रवि रंजन कुमार, नीरज कुमार और मुकेश यादव को जिला अध्यक्ष पद के लिए, गौतम साव और शिवाजी चटर्जी को जिला महासचिव पद के लिए उतारा गया। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष के लिए सागर साहू, गोलमुरी प्रखंड अध्यक्ष के लिए विवेक कुमार सिंह, घाटशिला विधानसभा के लिए पियूष मंडल और जुगसलाई विधानसभा के लिए विष्णु साहू ने नामांकन किया। राकेश साहू ने बताया 6 जुलाई शाम 5 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद सदस्यता अभियान और वोटिंग की प्रक्रिया 15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगी।

# विधायक की पहल से बागबेड़ा कॉलोनी से हटा महीनों से जमा 50 क्विंटल कचरा

आजाद सिपाही संवाददाता






**जमशेदपुर।** बागबेड़ा कॉलोनी दुर्गा पूजा मैदान के समीप मुख्य सड़क पर महीनों से जमा कचरे की समस्या से आखिरकार स्थानीय लोगों को राहत मिल गयी है। पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के आग्रह पर विधायक संजीव सरदार ने जुगसलाई नगर परिषद को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। विधायक के निर्देश के बाद शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने सफाई अभियान चलाया और सड़क किनारे जमा करीब 40 से 50 क्विंटल कचरे को ट्रैक्टर के माध्यम से हटाया गया। यह कचरा लंबे समय से जमा था और बारिश के कारण सड़कर दुर्गंध फैला रहा था, जिससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया था। बता दें यह सड़क बागबेड़ा बाजार, स्कूल और स्टेशन से जुड़ती है। जिससे हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही होती है। कचरे के कारण यह मार्ग अवरुद्ध और अस्वच्छ बना हुआ था। सफाई अभियान के बाद पूरे मार्ग को स्वच्छ कर दिया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सफाई कार्य पूरा होने के बाद पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने स्थानीय निवासियों और दुकानदारों से अपील की वे सड़क पर कचरा न फेंकें और क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा बागबेड़ा को साफ-सुथरा बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई नगर परिषद और पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता का आभार व्यक्त किया। मौके पर सुनील गुप्ता ने विधायक संजीव सरदार और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## परिवारिक व्यवसायों के लिए विरासत संरक्षित पर संगोष्ठी आयोजित

# पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण के साथ नवाचार को अपनाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सीआइआइ झारखंड ने स्ट्रेटेजिक वेल्थ प्रिजर्वेशन एंड सक्सेशन प्लानिंग विषय पर परिवारिक व्यवसायों के दीर्घकालिक हितों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र का आयोजन किया। सत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, नेतृत्व परिवर्तन को सुगम बनाने और बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में निरंतरता बनाए रखने पर चर्चा हुई। सीआइआइ पूर्वी क्षेत्र के पूर्व चेयरमैन, आरबीएस ट्रांसमिशन्स के उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुवेंद्र बेहरा ने पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण के साथ नवाचार को अपनाने पर जोर दिया। वहीं सीआइआइ झारखंड के उपाध्यक्ष दिलू पारिख ने मजबूत पारिवारिक मूल्यों, पारदर्शी शासन व्यवस्था और सुदृढ़ वित्तीय योजना को विरासत बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण बताया। सीआइआइ झारखंड फैमिली बिजनेस पैनल के संयोजक कृष्णा खरिया ने कहा परिवारिक व्यवसाय न केवल आर्थिक रीढ़ हैं बल्कि सांस्कृतिक विरासत और परंपरा के संरक्षक भी हैं। उन्होंने उत्तराधिकार योजना और प्रोफेशनल गवर्नेंस को जरूरी बताया। वहीं एमएसएमई पैनल के सह-संयोजक राजीव शुक्ला ने पारिवारिक व्यवसायों में भावनात्मक जटिलताओं को समझने और आपसी सम्मान के साथ मिलकर काम करने की अपील की। विशेषज्ञ वक्ताओं ने पारिवारिक व्यवसायों में कानूनी पारदर्शिता, संवाद और दीर्घकालिक योजना पर भी जोर दिया। मौके पर सीआइआइ झारखंड ने परिवारिक व्यवसायों को मजबूत और लचीला बनाये रखने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

### ट्रैफिक से स्थानीय लोग परेशान, कार्रवाई की मांग



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल के सामने प्रतिदिन स्कूल खुलने और छुट्टी के समय भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्कूल प्रबंधन की लापरवाही या स्कूल के सामने अभिभावको की वाहनों के अव्यवस्थित पार्किंग से प्रतिदिन स्थानीय राहगीरों और आसपास की कॉलोनियों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाते हुए जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन नहीं मिलने पर जदयू ने सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड के उपाध्यक्ष दुर्गा राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल अंचल सह प्रखंड कार्यालय में एक मांग पत्र सौपा। शुक्रवार को सौंपे गये मांग पत्र में लाभुकों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन नहीं मिलने पर जल्द उपलब्ध कराने की मांग की। दुर्गा राव ने बताया मंईयां योजना तो चालू है, लेकिन कई जरूरतमंद लोगों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे लोगों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा इसके लिए लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी अगर प्रखंड स्तर से समाधान नहीं हुआ तो जदयू प्रतिनिधिमंडल जिला कार्यालय में डीसी के नाम मांग पत्र सौंपेगा।

### चोरी हुई ट्रैक्टर पुरुलिया से बरामद, एक गिरफ्तार

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** बीते 2 जून को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपटांड में किशोर उरांव की एक सोनालिका ट्रैक्टर (नंबर जेएच06टी 5157) चोरी हो गयी थी। मौके पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय पहलुओं पर जांच करते हुए पुरुलिया निवासी 23 वर्षीय तपानंद मंडल के घर से चोरी की ट्रैक्टर बरामद कर लिया। शुक्रवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे, महाती सिंकु, विश्वजीत कुमार तिवारी, राजेश कुमार और सशस्त्र बल शामिल रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा के फार्म हाउस में मिला अजगर

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री तरु मुंडा और सामाजिक कार्यकर्ता भोला मुंडा के चांडिल प्रखंड के गौरी स्थित कृषि फार्म हाउस में शुक्रवार सुबह एक विशालकाय अजगर जाल में फंस गया। मुंडा दंपति ने बत्तख और मुर्गी पालन के लिए फार्म को जाल से घेर रखा है। अजगर फंसने की खबर मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अजगर जिस जगह फंसा था, उसके पास ही मुंडा दंपति का मकान भी है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ ले गयी।

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने विशुनपुरा में निकाला फ्लैग मार्च



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में आज दिन शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में विधि व्यवस्था, सुरक्षा व शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने को लेकर विशुनपुरा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी, हुरही, पिपरीकला बाजार, कमता, कोचेया चौराहा, गांधी चौक, चक चक मोड़ टेंपू स्टैंड, नई बाजार विशुनपुरा, ग्रामीण बैंक मोड़, ब्लॉक मोड़ होते हुए थाना परिसर आकर समाप्त हुआ। **पुलिस की अपील :** अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहारों का आनंद लें। फ्लैग मार्च में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान शामिल थे।

## मेराल के डंडई रोड में आज चलेगा अतिक्रमण पर बुलडोजर



मेराल (आजाद सिपाही)। बस स्टैंड स्थित डंडई रोड में जल जमाव और कीचड़ से आम लोगों की परेशानी का खबर दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आयी है। डंडई रोड में नाली पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन कड़ा एक्शन लेने के मूड में है। खबर प्रकाशित होने के बाद अंचलाधिकारी द्वारा मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में सीआई जॉनसन गिद्दी, आमीन रवि कुमार पांडे के साथ थाना पुलिस द्वारा रोड का मुआयना किया गया। सीआई तथा अमीन के द्वारा बताया गया कि रोड के नाली पर स्थानीय फल दुकान, होटल, किराना दुकान, खैनी दुकान आदि के द्वारा अतिक्रमण किया गया है, जिसकी वजह से यहां नाली की सफाई एवं निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है जिसके फल स्वरुप बरसात के पानी से यहां जल जमाव की स्थिति है। अमीन के रिपोर्ट पर अंचलाधिकारी यशवंत नायक द्वारा सभी अतिक्रमण कार्यों को नोटिस देकर 24 घंटा के अंदर अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों द्वारा अपना दुकान हटा लिया गया है, जानकारी के अनुसार शनिवार को यहां प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाया जायेगा।

## महिलाओं को दिये जा रहे आय वृद्धि का प्रशिक्षण



साबुन, हार्पिक ,डिटर्जेंट पाउडर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करतीं महिलाएं।

कांडी (आजाद सिपाही)। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने शुक्रवार को मोखापी गांव में महिलाओं को दिये जा रहे आय वृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। कल्याण पदाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलाओं से कई तरह की जानकारी लिया। आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड के तहत स्वंय सेवी संस्था रोज के द्वारा मोखापी गांव में 90 दिवसीय आयवृद्धि योजना के तहत महिलाओं को डिटर्जेंट पाउडर, फिनाइल, हार्पिक, साबुन बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 13 महिला व दो पुरुष को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक हेमंत प्रसाद, बिरसा पहाड़िया व राम अवतार शास्त्री द्वारा निर्धारित सभी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में अर्चना देवी, पुष्पा कुमारी, सीमा देवी, कविता देवी, नीरज कुमार, सावित्री देवी, चंदा कुमारी, अंकुर लाल शामिल हैं।

# रंका में भगवान जगन्नाथ की लौटती रथयात्रा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** भगवान जगन्नाथ की घूरती रथ यात्रा शुक्रवार (4 जुलाई 2025) को भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गयी। भगवान जगन्नाथ आठ दिनों के प्रवास के बाद मौसी बाड़ी से लौटकर अपने मूल स्थान ठाकुरबारी मंदिर के कक्ष में आज विराजमान हो गये। शुक्रवार को दोपहर श्रीमद्‌भागवत पाठ के पूणार्हुति के पश्चात हवन और भगवान को विशेष महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके बाद बाजे गाजे, शंख ध्वनि और जय घोष के बीच राजपुरोहितों द्वारा भगवान जगन्नाथ, वहन सुभद्रा और भाई बलभद्र जी के विग्रह को रथ में विराजमान कराकर श्रद्धालु भक्तों के द्वारा रथ खींच कर ठाकुरबारी मंदिर वापस लाया गया। जहां वे अपने पक्ष में पुनः स्थापित कर दिए गये हैं।



रंका में घुरती रथयात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़।

इस मौके पर सेवईत राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह, युवराज कुमार गुलाब सिंह, कुमार गौरव सिंह, पंडित बालेश्वर दुबे, पंडित सत्यनारायण ओझा, पंडित भोला पांडेय सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे-बच्चियां और श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का पर्व मनायें : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शांति/समन्वय समिति के सदस्ययों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ संपन्न की गयी। मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त, श्री यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक श्री कुमार द्वारा लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की बात कही गयी। उपायुक्त गढ़वा श्री यादव द्वारा सभी की बातों को सुनते हुए लोगों को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी गयी। शांति समिति के सदस्य एवं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने मोहर्रम के दौरान डीजे का प्रयोग नहीं करने की बात कही। किसी भी प्रकार की समस्या से ससमय निबटने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम का एक हेल्पलाइन 620 1261 084 पर संपर्क कर आवश्यक अनुरूप सहायता ली जा सकती है। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थें।

## ग्रामीणों ने बीडीओ से जांचोंपरांत उचित स्थान पर श्मशान शेड बनवाने की मांग की




आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र परती कुशवानी पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। इस आवेदन में श्मशान घाट निर्माण कार्य गलत स्थान पर कराये जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिस स्थान पर छठ घाट का निर्माण किया गया था उसी के समीप श्मशान शेड का निर्माण मुखिया के मिलीभगत से किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है उस स्थान पर कभी शव नहीं जलाया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना ग्राम सभा किये अपने समर्थक संतोष प्रजापति के पत्नी सोनी देवी को संवेदक बनाया है, और रैयती भूमि में न बनाकर उसी के बगल में निर्माण किया जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने संवेदक से पूछने पर बताया कि यह मुर्गी फार्म का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन में जिक्र किया है कि जबसे मुखिया का पदभार मुनी देवी ग्रहण ने किया है, तबसे ग्राम सभा के साथ-साथ कार्यकारिणी का भी बैठक नहीं कराया गया है। यह बहुत ही गंभीर आरोप है। ग्राम सभा के बारे में पूछे जाने पर गाली गलौज की जाती है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांचोंपरांत उचित स्थान पर श्मशान शेड बनवाने का आग्रह किया है। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से दूरभाष से संपर्क किया गया पर उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इस मामले में मुखिया मुनी देवी ने बताया कि यह राजनीति से प्रेरित होकर ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। आवेदन देने वालों में जेएमएम युवा मोर्चा पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश यादव, रविंद्र यादव, बीसीसी राजेंद्र सिंह, वार्ड उपेंद्र सिंह, अरविंद यादव, पिंटू प्रजापति, विशुनदयाल प्रजापति, ब्रजेश उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन से जुड़े सात मामलों का निष्पादन




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थाना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीओ शंभू राम व थाना प्रभारी रजनी रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान थाना दिवस पर प्रखंड के विभिन्न गांव से आये लोगो ने आवेदन देकर मामले की निष्पादन की मांग की। आवेदन के आलोक में दोनो पक्ष की बात सुनने के बाद उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सात मामको का निष्पादन मौके पर किया गया। जबकि एक मामला में न्यायालय से निबटारा कराने की बात कही। सुनवाई के दौरान सीओ शंभू राम ने कहा कि थाना दिवस पर पारिवारिक जमीन विवाद के मामले काफी आ रहे है। जिसमें पैतृक जमीन को बंटवारा नहीं होने एवं खतियान में नाम सुधार नहीं होने से संबंधित कई मामले आये। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की बातों को सुनकर सुलहनीय मामले के आधार पर सहमति बनाते हुए कई मामलों का निष्पादन गया। इस मौके पर एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई नारायण प्रसाद, आशुतोष सिन्हा सहित अन्य अंचल व पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पीएलवी ने दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाकर तीन दिव्यांगों को खोजा

रंका (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के निर्देशन में रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत के पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार एवं विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने 1 जुलाई 2025 को संयुक्त रूप से दिव्यांग जन खोज संपर्क अभियान चलाकर तीन दिव्यांगों की खोज किया। जिसमें रंकाकला पंचायत के शिवनाला टोला निवासी उदयकांत राम की पुत्री अनिता कुमारी (35 वर्ष) एवं कोशिला देवी (40 वर्ष) तथा सिकंदर राम के पुत्र एस कुमार रवि (11 वर्ष) का नाम शामिल है। इस अवसर पर पीएलवी ने आजाद सिपाही को बताया कि डालसा गढ़वा के अंतर्गत व्हील चेयर और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है और शीघ्र ही इन्हें सरकारी योजनाओं, जैसे पेंशन आदि का लाभ मिल सकेगा। इस नेक कार्य में वार्ड सदस्य एसएचजी सक्रिय महिला शोभा देवी, वार्ड प्रतिनिधि अमित कुमार ने सराहनीय योगदान दिया।

## स्कूली बच्चों को हैंडवाश को लेकर किया गया जागरूक



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर विकास एवं आवास विभाग के निदेर्शानुसार 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय अखौरी तहले में बच्चों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्हें बताया गया कि नियमित रूप से हाथ धोने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार, राकेश सिन्हा, बिरेन्द्र चौधरी, विश्वजीत कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं रसोईया उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी और अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## रौनियार समाज के संरक्षक महेश चंद्र सर्राफ का निधन, व्यवसायियों में शोक



महेश चंद्र सर्राफ का फाइल फोटो।

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के जाने-माने वस्त्र व्यवसायी और रौनियार समाज के संरक्षक महेश चंद्र सर्राफ का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनके निधन से स्थानीय व्यवसायियों में शोक की लहर है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में भाजपा नेता सह समाजसेवी अलखनाथ पांडेय, समाजसेवी नंद कुमार गुप्ता, रौनियार समाज के अध्यक्ष हीरा गुप्ता, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, उपकार गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, कृष्ण केसरी, डॉक्टर गोईंन, दुर्गा केसरी, बैजनाथ प्रसाद, कमलेश अग्रवाल, डॉ विजय भारती शहीद कई व्यवसायियों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है।

## माउंट हीरा कमेटी ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। मोहर्रम की सातवीं तिथि के अवसर पर विशुनपुर स्थित माउंट हीरा कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य व समाजसेवी ताहिर अंसारी एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को पगड़ी पोषी कर सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और आपसी एकता, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि आज के दौर में इंसानियत, न्याय और सच्चाई की राह पर चलने की सख्त जरूरत है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कमेटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि माउंट हीरा कमेटी जिस तरह से सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना से कार्य कर रही है, वह प्रेरणादायक है। मैं हमेशा ऐसे सकारात्मक प्रयासों के साथ खड़ा हूं। कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम आलम ने कहा कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जो समाज में शांति, सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। मौके पर संरक्षक व युवा समाजसेवी महमूद आलम सीनियर, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर लालबाबू खान, तालिब खान, बिद्दू खान, शोएब आलम, महमूद आलम जूनियर, आशिक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सड़क में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार (आजाद सिपाही)।** मुकुंदपुर मुख्य पथ से पंडा नदी तक लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री सड़क योजना से बन रही सड़क में अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने संवेदक के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बीच में दो तीन स्थान पर पीसीसी का निर्माण नहीं कराया गया, जबकि गांव के शुरूआत एवं अंतिम छोर पर सड़क निर्माण कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के मनमानी एवं क्रूर रवैया के कारण कहीं-कहीं सड़क बनाया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी अनिमियता एवं लापरवाही बरती



जा रही है। जहां पीसीसी का निर्माण किया जा रहा है, वहां सड़क निर्माण में घटिया किस्म की सीमेंट का प्रयोग करने के बाद भी सीमेंट की मात्रा मानक से काफी कम डाली जा रही है। कालीकरण में घटिया और कम मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सड़क निर्माण होने के कुछ दिन बाद ही निर्माणाधीन सड़क क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क बनते ही सड़क की दुर्दशा देखकर ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य का विरोध करने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जल्द ही हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र जिला प्रशासन को सौंपा जायेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। सड़क निर्माण कार्य का विरोध करने वालो में दिनेश वर्मा, संतोष प्रसाद, रामनाथ वियार, गोपाल वियार, परबिंद चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, दारा साह, श्याम बिहारी वियार, लल्लू वियार, दिनेश चंद्रवंशी, राजु प्रसाद, रंजीत वियार, शीला देवी, संध्या देवी सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है।

# नवजात या गर्भवती महिला का टीकाकरण नहीं छूटना चाहिए : चिकित्सा पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर ।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश सिंह की अध्यक्षता में मासिक स्वास्थ्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सबसे पहले एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत टी4 कैंप की समीक्षा की गयी। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं और किशोरी बालिकाओं में एनीमिया की रोकथाम के लिए नियमित जांच और आयरन सप्लीमेंटेशन जरूरी है। इसके बाद यू-विन एंट्री, एचएमआईएस रिपोर्टिंग एवं टीबी रोगियों की पहचान व उपचार पर चर्चा हुई। मासिक रोग मैट्रिक्स (सीएचओ) को अद्यतन रखने का



निर्देश दिया गया, ताकि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टीकाकरण माइक्रोप्लान बनाने पर जोर दिया गया। प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी नवजात या गर्भवती महिला का टीकाकरण नहीं छूटना चाहिए। इसके लिए एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को लक्ष्य दिया गया। शेष पड़े एएएम में टीकाकरण एवं अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया। पीएमएसएमए (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) के अंतर्गत हर महीने की 9 तारीख और अंतिम बुधवार को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच कराने हेतु एएनएम को जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डॉ नितेश भारती, डॉ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा, लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, सुनील पटेल, अरुण लकड़ा, बबीता कुमारी, मनोज पाठक, अनुज गुप्ता सहित एएनएम, एमपीडब्ल्यू बीटीटी, एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# गढ़वा के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत पांच पदक झटके

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 2 से 3 जुलाई तक इनडोर स्टेडियम रामगढ़ में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें गढ़वा के खिलाड़ियों ने झटके 5 पदक, पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार से हैं। जिसमें सुप्रिया कुमारी स्वर्ण पदक, झूलन कुमारी स्वर्ण पदक, शिविक प्रजापति रजत पदक, समीर कुमार चौबे रजत पदक, शाहीन परवीन कांस्य पदक प्राप्त किया है।

सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्य रूप से बधाई देने वाले पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर किकबॉक्सिंग संघ संरक्षक संजय




कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज सेनशई, वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद दुबे प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह सहसचिव गणेश यादव, कार्यकारी सदस्य अभय कांत, राजकुमार राम, अजीत कुमार, गढ़वा ओलंपिक संघ अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, जितेंद्र सिन्हा, राघवेंद्र नारायण सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, चंद्र बहादुर सिंह, दीपक कुमार आदि लोगों ने बधाई दी।

इसकी जानकारी गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी।

# फुटबॉल खेल का विकास करना प्रतियोगिता का उद्देश्य: सोरेंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को फुटबॉल खेल के विकास को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से पहली बार शुरू किये गये लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सुरेंग ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों में फुटबॉल के प्रति जागरूकता लाना और इस खेल का विकास करना है। वहीं जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता भी चल रहा है। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि गढ़वा जिले के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में फुटबॉल प्रतिभा की कमी नहीं है। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अल्का लकड़ा ने गढ़वा के बच्चों को प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर बेहतर खेल दिखाते हुए विजेता बनने की शुभकामना दी। अंडर 15 आयु वर्ग में भंडरिया प्रखंड की उत्क्रमित मध्य विद्यालय नौका भंडारिया के टीम ने नगर को हराकर विजेता बनी। वहीं नगर ऊंटारी के पीएम श्री उच्च विद्यालय चित विश्राम नगर ऊंटरी के टीम उप विजेता रहा। खेल को सफल बनाने में मुख्य रेफरी चिफ जगन्नाथ राम, अरविंद कुमार निर्णायक टीम के सदस्य आकाशदीप विजय सिंह संजय प्रताप देव सोनू कुमार रविकांत नीलकंठ आर्यन रुपेश नितेश कंचन विजय एवं शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, आलोक, शमशाद आलम आदि की भी खेल संचालक में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिकायत की समीक्षा करने गढ़वा पहुंचे राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता संबंधी शिकायत विभिन्न माध्यम से राज्य कार्यालय प्राप्त होने के पश्चात राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन के निर्देश पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग शुक्रवार को गढ़वा निरीक्षण किया। अनुश्रवण के दौरान सभी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा अधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता के दौरान नियमों का सही तरीके पालन करने संबंधी, शिकायत प्राप्त है पर प्रतियोगिता के दौरान नियमानुसार करवाई करना एवं राशि का पूर्ण उपयोग सही तरीके से करने संबंधी निदेश दिया। बैठक के बाद गढ़वा फुटबॉल स्टेडियम में चल रहे जिला स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में खेल एवं शारीरिक शिक्षा कोषांग, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के एम मोदस्सर और शंकर पाल मौजूद थे।

## लोहरदगा शहरी क्षेत्र से गाय की चोरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर में मवेशियों की चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला शहर के साइडिंग कुटमू मोहल्ले से सामने आया है, जहां निवासी रिजवान अंसारी की दुधारू गाय को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस संबंध में रिजवान अंसारी ने सदर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, चोरी की वारदात में कुरैशी मोहल्ला और आजाद बस्ती के कुछ युवकों की संलिप्तता है। चोरी की पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है, जिसमें कुछ युवक गाय को चोरी करते साफ नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि लोहरदगा जिले में मवेशियों की चोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले कुछ वर्षों से जिले में हाईटेक तरीके से मवेशियों की चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, चोरी के लिए अब चोर लग्जरी गाड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से आसानी से बच सकें। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मोहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, उपायुक्त ने दिया दिशा -निर्देश

## जुलूस के प्रस्तावित रूट का वेरीफिकेशन करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि लोहरदगा जिला अपने गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता रहा है। यहां विभिन्न समुदाय के लोग एक साथ मिलकर एक-दूसरे का पर्व-त्यौहार मनाते रहे हैं। हमें इसी परंपरा को आगे बढ़ाना है। वर्षों से जिले में सभी त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न होते रहा है जिसके लिए शांति समिति से जुड़े सभी लोग, बुद्धिजिवी वर्ग, मीडिया, सद्भावना मंच के सदस्य, प्रशासनिक पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारीगण सभी बधाई के पात्र हैं। हमें आनेवाले मुहर्रम और घुरती रथ यात्रा में भी इसी तरह आपसी सद्भाव के वातावरण में यह त्यौहार संपन्न कराना है। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा डॉ ताराचंद ने आज मुहर्रम और घुरती रथ यात्रा के आयोजन को लेकर नगर भवन लोहरदगा में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कही। उपायुक्त ने प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मुहर्रम के जुलूस के प्रस्तावित रूट का वेरीफिकेशन आवश्यक रूप से कर लिया जाये। किसी भी परिस्थिति में रूट नहीं बदला जाये। बैठक में सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्र से आये शांति समिति के सदस्यों और युवा सद्भवना मंच के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, अनुमंडल दंडाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, विभिन्न प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्य, सभी प्रखंड से आये युवा सद्भावना मंच के सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।



### सभी की आस्था का करें सम्मान: एसपी

पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि सभी समुदाय की आस्था का सम्मान करते हुए यह त्यौहार मनाया जाना चाहिए. बताया कि सोशल मीडिया पर गलत संदेश प्रचारित करने पर वैधानिक दंड का प्रावधान है। मुहर्रम जुलूस के दौरान पुलिस पदाधिकारी और दण्डाधिकारीयों को अपने-अपने क्षेत्र में तैनात रहने का निर्देश दिया। पर्व-त्यौहारों को सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने के लिए शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। स्टैटिक दंडाधिकारियों व पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी गठित है। कंट्रोल रूम से सभी क्षेत्रों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### अफवाहों को फैलने से रोकें

उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी गलत सूचना को फैलने से रोकें। अगर शुरूआत में ही उस पर नियंत्रण कर लिया जाता है तो इसे रोका जा सकता है। किशोर व युवा वर्ग में सोशल मीडिया का उपयोग करनेवालों की संख्या बहुत अधिक है। इन्हें इनके अभिभावक समझाएं कि किसी प्रकार को अफवाह या किसी की धार्मिक आस्था से जुड़ी गलत सूचना को प्रसारित नहीं करें। ऐसा करनेवालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायकगी। ऐसे किसी तरह की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासनिक पदाधिकारी को अविलंब सूचित करें।

## लोहरदगा में बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार सुबह अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु खनन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के नेतृत्व में एवं खनन निरीक्षक अजय कुमार महतो की सक्रिय भागीदारी में की गयी। अभियान के दौरान कुटमु (लोहरदगा-किस्को पथ) पर एक ट्रैक्टर, तथा निगनी (लोहरदगा-बगरू पथ) पर एक अन्य ट्रैक्टर को बिना वैध परिवहन चालान के बालू ढोते हुए पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लोहरदगा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। प्रकरण में खनिज अधिनियम के तहत अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन पर निगरानी लगातार जारी है, और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाये जायेंगे। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे खनिज संबंधित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## सड़क पर प्रदूषित पानी बहने से तरवाडीह के ग्रामीण परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के तरवाड़ीह पंचायत ग्राम तरवाडीह में शिव मंदिर के पास चार घर के लोग अपने घर के लैट्रिन के पानी रोड में पीसीसी रोड पर पानी बहाने से। वह पानी बह करके मंदिर होते हुए कई घरों में जाती है। जिसके चलते कई बार आपसी लड़ाई भी हुआ है। फिर भी उन लोग अभी तक नहीं हटाया गया। तरवाड़ीह के कई लोग प्रदूषण से परेशान रहे और कई लोग बीमार भी पड़े गये।

यह सब देखते हुए ग्रामीणों ने उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, मुखिया राधा देवी, वार्ड सदस्य भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे कांग्रेस कार्यकर्ता सह समाजसेवी फूलचंद यादव राजनीतिक कार्यकर्ता विनोद राम वीरेंद्र प्रसाद सहीत कई समाजसेवी राजनीतिक पार्टी के लोग एक आवेदन अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार को देकर के प्रदूषण मुक्त करने का आग्रह किया है।विशेषगों का कहना है कि प्रदूषण फैलाना एक गैर कानूनी है। दोषियों पर कानूनी करवाई करना भी जरूरी है। जिससे प्रदूषण मुक्त हो सके।

## लातेहार चरका डैम, उदयपुरा कोमो पहाड़ी और ललमटिया डैम का डीडीसी ने किया अवलोकन

### प्रवासी पक्षियों और पर्यटन को मिलेगा नया प्रोत्साहन: डीडीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने आज लातेहार जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों तथा भूसुर में निमार्णाधीन स्टेडियम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिया।

निरीक्षण के क्रम में विशेष रूप से चरका डैम का अवलोकन किया गया। चरका डैम जो प्रवासी पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है, एक उभरते हुए इको-टूरिज्म हॉटस्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। हर वर्ष नवंबर से मार्च के बीच यह स्थान दुर्लभ और रंग-बिरंगे पक्षियों का बसेरा बनता है, जहाँ पक्षी प्रेमी और बर्ड फोटोग्राफी के शौकीन प्रकृति की सुंदरता का भरपूर आनंद लेते हैं।

जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चरका डैम, उदयपुरा कोमो पहाड़ी, और ललमटिया डैम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थलों की संभावनाओं का मूल्यांकन किया गया और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि चरका डैम की चहचहाहट और कोमो पहाड़ी की हरियाली मिलकर लातेहार को एक जीवंत और सम्मोहक पर्यटन अनुभव प्रदान करती हैं।

मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार, जिला पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार, तथा जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल उपस्थित थे।

## मोहर्रम को लेकर ट्रैफिक में बदलाव, आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मोहर्रम त्योहार को लेकर आगामी 6, 7 और 8 जुलाई को लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गयी है। जुलूस और मेलों के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में भीड़ की संभावना को देखते हुए यातायात प्रभारी के प्रस्ताव पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने संयुक्तादेश जारी किया है।

आदेशानुसार, उक्त तीन दिनों तक रात 12:00 बजे तक लोहरदगा शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, जबकि छोटे वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जायेगा। 06 जुलाई को कुडू-लोहरदगा-गुमला, बेड़ो और किस्को की ओर से आने वाले भारी वाहन क्रमशः कंडरा चौक, चट्टी पिकेट, शंख पिकेट और किस्को मोड़ पर रोके जायेंगे। छोटे वाहन बीएस कॉलेज जुरिया मोड़, मैना बगीचा होते हुए मेन रोड तक पहुंच सकेंगे। 07 जुलाई को सेन्हा चौक और भंडरा बाजार में मेला लगने के कारण जोगना मोड़, मित्रा पेट्रोल पंप, पझरी पहाड़ और मसमानो चौक पर भारी वाहनों को रोका जायेगा। छोटे वाहनों को स्थानीय ग्रामीण मार्गों से डायवर्ट किया जायेगा। 08 जुलाई को बीएस कॉलेज पिकेट के सामने मेला आयोजन के चलते बरवाटोली चौक और जुरिया मोड़ पर नो-एंट्री घोषित की गयी है। भंडरा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को सिठियो पुल पर रोका जायेगा और छोटे वाहन वैकल्पिक मार्ग से बक्सीडीपा होते हुए निकले जायेंगे।

## किसानों के बीच अरहर बीज का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू।** कृषि विभाग लोहरदगा की ओर को प्रखंड कुडू के ऐटिक सेंटर मे कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा के अध्यक्षता में एनएफएसएम के तहत कुडू प्रखंड क्षेत्र के कोलसिमरी, उमरी एवं जिनगी के किसानों के बीच दलहन अरहर, मडुवा, मक्का, बीज का वितरण किया गया। मौके पर कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मधुश्री मिश्रा, बीटीएम सुनीता टोप्पो, एटीएम आभा प्रियंका कच्छप एवं किसान उपस्थित थे। वहीं कोलसिमरी गांव के टाना भगत किसानों को एनएफएसएम क्लस्टर डेमोंस्ट्रेशन योजनांतर्गत अरहर का बीज ओटीपी के माध्यम से दिया गया। इस मौके पर कुडू सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने टाना भगतो से कही की आपलोगो का कोई समस्या हो तो कुडू अंचल एसएसएच प्रखंड कार्यालय आकर मुझसे मिले। आपलोगो का समस्या का समाधान यथा संभव की जाएगी। मौके पर बीटीएम सुनीता टोप्पो ने कही की प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दलहन, मक्का, मडुआ का बीज निशुल्क दिया जा रहा है।

## बीज की उपलब्धता से किसानों को कृषि में बढ़ावा मिलेगा : ऐनुल अंसारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू/ लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड कृषि कार्यालय आत्मा की ओर से किसानों के बीच मडूआ, अरहर बीज का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी द्वारा क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के बीच में अरहर, मडूआ बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि कुडू प्रखंड कृषि और आत्मा विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों को समय पर विभिन्न किस्मों के बीज उपलब्ध कराकर खेती कार्य को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि समय से किसानों को खेती कार्य हेतु बीज की उपलब्धता होने से खेती कार्य को समय से संपादित करने में मदद मिलती है। अच्छे उत्पादन की संभावना बढ़ जाती है। उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि क्षेत्र के ज्यादातर लोग कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं, ऐसे में समय से कृषि और आत्मा विभाग द्वारा किसानों के बीच बीज वितरित कर काफी बेहतर कार्य कर दिखाया गया है जो प्रशंसनीय है। मौके पर कुडू प्रखंड की एटीएमए आभा कच्छप मतिउर रहमान, कलीम खान, मनोरमा एक्का और अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

### खेल हमें टीम भावना और अनुशासन सिखाता है : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा दो दिवसीय 64वां सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ समाहरणालय मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात मैदान में दोनों टीमों किस्को और लोहरदगा के अंडर-17 बालक वर्ग के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। साथ ही मैच का टॉस उपायुक्त द्वारा कराया गया और मैच की विधिवत शुरूआत की गयी। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में फुटबॉल खेल के प्रति अलग ही लेवल का जुनून है। यहां लगभग प्रत्येक गांव के युवा फुटबॉल खेलते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला के विभिन्न पंचायतों में पोटो हो खेल विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान का निर्माण कराया गया है साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही आने वाले दिनों में खेल के विकास के लिए जिला प्रशासन और भी सुविधाएं मुहैया कराएगी। खिलाड़ियों को उपायुक्त ने कहा कि आज खेल के क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाएं हैं। खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक शक्ति का प्रदर्शन नहीं है बल्कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए खेल हमें अनुशासन और टीम भावना सिखाता है। अब समय बदल चुका है। सिर्फ पढ़ाई से ही नहीं बल्कि खेल में भी अच्छा कर कॅरियर बनाया जा सकता है। लोहरदगा जिला के युवाओं के काफी प्रतिभा छुपी हुई। सही मंच व अवसर मिलने पर आप कुछ ही हासिल कर सकते हैं। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, एडीपीओ विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक आकाश कुमार समेत अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

## बलात्कार के आरोपी को आजीवन कारावास और जुर्माना



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने बलात्कार के एक मामले में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी रंथू उरांव ग्राम हुरहुरि थाना चान्हो जिला रांची को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है। अभियोजन पदाधिकारी मनोज कुमार लकड़ा के अनुसार गत 18 अप्रैल 2022 को ग्राम सरैया थाना पिपरवार निवासी एक सूचक की पुत्री के साथ बलात्कार करने का आरोप आरोपी रंथू उरांव के ऊपर लगाकर हेरहंज थाना कांड संख्या 15/ 2022 भादवि की धारा 376(1), 307 के तहत मुकदमा दायर कराया था। श्री दुबे की अदालत ने मामले की सुनवाई के उपरांत आरोपी को भादवि की धारा 376 एवं 307 के तहत आरोप सिद्ध पाया। उक्त मामले को बचाव पक्ष एलएडीसी के द्वारा बहस किया गया। श्री दुबे की अदालत ने आरोपी के विरुद्ध मामला साबित होने पर उन्हें भादवि की धारा 376 एवं 307 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं क्रमश: चार लाख एवं तीन लाख रुपये जुर्माना की सजा तथा जुर्माना नहीं दिये जाने पर दो दो वर्षों की साधारण कारावास की सजा सुनाया है। श्री दुबे की अदालत ने सभी सजाएं अलग-अलग चलाने का आदेश पारित किया है। इस बहुचर्चित मामले में फैसला आने के बाद सूचक एवं उसके परिजनों ने न्यायालय के प्रति अपनी भरोसा को दोहराया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें न्याय मिली है।

## युवा राष्ट्रीय सचिव ने पुल पर फंसे युवक को बचाने वालों को किया सम्मानित



**कैरो (आजाद सिपाही)।** विगत दिनो लोहरदगा मे भरी वर्षा के कारण अधिकतम नदिया उफान पर थी कही कही तो पूल के उपर से पानी तेज गति से बह रहा था। प्रशासन द्वारा एडवाईजरी जारी कर लोगो से सावधानी बरतने का अपील किया गया था। उसी दिन बरही एव केन्द्रीय विद्यालय के बीच पूल के काफी उपर से पानी बह रहा था और एक मोटरसाइकल सवार पुल पार करने की कोशीश मे अपनी बाइक के साथ बहने लगा। सूचना मिलते ही भंडरा प्रखंड के ताज अंसारी फिरोज अंसारी शकील अंसारी आफताब अंसारी रस्सी की व्यवस्था कर पुल के पास पहुंचे उन्होंने अपने कमर में रस्सी बांधकर अपनी जान को जोखीम में डालकर उस व्यक्ति को बहने से बचाया। अपनी जान की बाजी लगाकर दूसरों की जिंदगी बचाने वाले उन बाजीगरी को सम्मानित करने के लिए सांसद सुखदेव भगत के आवास में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह उड़ीसा के प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत के द्वारा साल ओड़ाकर और माला पहनकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि आप लोगों की बहादुरी और साहस पर हम सभी लोगरदगा वासियो को गर्व है। लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजीद अहमद ने कहा कि आप लोगों ने जो बहादुरी का मिसाल कायम किया आप जैसे युवाओं की जरूरत आज देश को है जिला प्रशासन को चाहिए कि 15 अगस्त के दिन इन वीरो को भी सम्मानित किया जाये।

## भूमि संरक्षण विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप

**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिला संरक्षक प्रदीप राणा ने भूमि संरक्षण विभाग में भारी भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दर्जनों पानी पंचायतों के लाभुकों से 30-40 प्रतिशत रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायतों और आवेदन के बावजूद अब तक कोई जांच नहीं हुई है। उन्होंने उपायुक्त से उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर सभी फाइलों की जांच की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो मंच जनआंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया का सहारा लेगा।

### सिमडेगा डीसी ने किया करंगागुड़ी शिव मंदिर का दौरा

## चोट के कारण जमीन पर पड़े बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** करंगागुड़ी शिव मंदिर के दौरे पर निकली सिमडेगा डीसी कंचन सिंह के कदम एक बच्चे को देख सहसा खुद-ब-खुद रुक गये। यह शिव मंदिर सिमडेगा के केरसई प्रखंड में है। जब डीसी कंचन सिंह मंदिर परिसर में बने विवाह मंडप भवन का जायजा ले रहीं थीं, तभी अचानक एक स्कूली बच्चे पर उनकी नजर पड़ी। वह बच्चा जमीन पर लेटा हुआ था। डीसी खुद को रोक न सकी और बच्चे के पास पहुंच गयी। उन्होंने देखा कि बच्चे के माथे पर चोट लगी है और बच्चा दर्द में है। पूछताछ करने पर पता चला कि जख्मी बच्चा सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र है और स्कूल से छुट्टी के बाद लौटते समय गिर गया था, जिससे उसे चोट लग गयी।

उपायुक्त कंचन सिंह ने तत्काल मौके पर मौजूद बीडीओ ज्ञानमणी एक्का को निर्देश दिया कि बच्चे को जल्द से जल्द पास के किसी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उसका इलाज करायें। डीसी के आदेश पर बीडीओ ने तुरंत कार्यवाही करते हुए जख्मी बच्चे को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बच्चे के प्रति उपायुक्त की ममता, संवेदनशीलता और तत्परता के बारे जिसने भी जाना-सुना या देखा, उनके मुख से हौले से बस यही निकला डीसी हो तो ऐसी।

## कोयल नदी से युवक का शव बरामद

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डाडू पंचायत के कोयल नदी डाडू में ग्रामीणों द्वारा अज्ञात शव देखा गया। शव ग्रामीणों ने तत्काल सेन्हा थाना पुलिस को सूचना दिया। जिसे सूचना मिलते ही सेन्हा थाना प्रभृ दल बल के साथ घटना स्थल पंहुच शव निकलवाने का प्रयास में जुट गये। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। वही शव को देख कर बताया जाता है। किसी अज्ञात युवक का शव मादा डहर के समीप कोयल नदी में पत्थर में रुका हुआ है। जो देखने से शव चार पांच दिन पुराना लगता है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि एक अज्ञात युवक का शव है। जिसका उम्र करीब 25 वर्ष होगा।

## मुहर्रम की सातवीं को निकला जुलूस



हैदरनगर(पलामू) (आजाद सिपाही)। मुहर्रम की सातवीं तारीख की रात हैदरनगर में अलम के साथ जुलूस निकला। या हुसैन या हसन या अली के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। जुलूस भाई बिगहा पठान टोली इस्लामगंज खरगडा से निकल कर नौवा खानी करते लोग भाई बिगहा स्थित सैयद शाह रामतुल्लाह अलैह की मजार के समीप इकट्ठा हुआ। जुलूस में शामिल लोग अलम के साथ थे। जुलूस में सज्जू खान, राजू खान, मो. रशीद, अशरफ हसन, नसीम नजर, डॉ अमीनुल हक अंसारी, जमील खान, रसीद खान, वहाब खान, राकिब हुसैन, शाहरुख, राशिद खान समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## हरिहरगंज में मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने शुक्रवार को हरिहरगंज शहर में संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। इससे पहले छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार की अध्यक्षता में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी। इस दौरान छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव, औरंगाबाद एसडीपीओ संजय पांडेय, हरिहरगंज सीओ मनीष कुमार सिन्हा,बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पत्थरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, एसआई धनंजय गोप, अविनाश कुमार, एएसआई रंजित सिंह, अभय कुमार त्रिपाठी सहित सीमा क्षेत्र के टंडवा और अंबा थाने के थाना अध्यक्ष भी शामिल थे।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर: एसडीओ



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च हुसैनाबाद थाना परिसर से शुरू होकर मधुशाला रोड, गांधी चौक, पुरानी बाजार, मकबरा रोड, रविदास नगर, लंबी गली, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, जयप्रकाश चौक होते हुए थाना परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस फ्लैग मार्च में हुसैनाबाद एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मो याकूब, कार्यपालक दंडाधिकारी अनंत झा, हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई मुकेश सिंह, वीरेंद्र कुमार मेहता,कमल किशोर पांडेय, मुन्ना यादव, नर्मदेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह,सुबोध कुमार समेत अन्य कई पुलिस के जवान शामिल थे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम के मौके पर हुड़दंग करने वाले एवम सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर है।

## करौं थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित



देवघर (आजाद सिपाही)। मुहर्रम को लेकर करौं थाने में बीडीओ हरि उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें नागादरी, डिंडाकोली, सालतर, वदिया, गंजोवारी, रानीडीह समेत अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बीडीओ ने मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसे भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैले तो अविलंब थाने को सूचना दें। जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। बैठक में थाना प्रभारी दीपक कुमार भारतीय, जिला परिषद सदस्य ललन सिंह, भागीरथ गोस्वामी, दिलीप यादव, मनोज सिंह प्रमुख प्रतिधि, मनोज, संजीव चौधरी मौजूद थे।

## भूखों को भोजन पहुंचा सेवा का संकल्प, लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी का 'फूड टू हंगर' कार्यक्रम आयोजित




मधुपुर (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी द्वारा जनसेवा की भावना से प्रेरित साप्ताहिक कार्यक्रम 'फूड टू हंगर' के तहत शुक्रवार को जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे शौकत नाज जी के काजल टेक्सटाइल्स, हाजी गली, मधुपुर में संपन्न हुआ। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक भोजन पहुंचाना है जो रोजमर्रा की जिंदगी में दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते हैं। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी के सचिव शीलू समद ने सभी सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। लायंस क्लब का यह प्रयास न केवल मानवीय संवेदना को दशार्ता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि समाज में सेवा की भावना अभी भी जीवित है और जरूरतमंदों के लिए मददगार हाथ बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

## आरसीआइटी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सभागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक थैला मुक्त दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र - छात्राओं को प्लास्टिक थैला का उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। डिन फेकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ अविनाश कुमार की देखरेख में छात्र - छात्राओं के लिये मॉडल डिजाइनिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम कुमार सिंहा सहित कई विभागो के विभागाध्यक्ष व शिक्षक शिक्षिका सहित कई लोग मौजूद थे।

## राजकीय मध्य विद्यालय में बच्चों से ही उतरवाया जाता है जलावन की लकड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



हैदरनगर स्थित सबसे पुराना राजकीय मध्य विद्यालय में गाड़ी से लकड़ी उतारते विद्यार्थी।

**हैदरनगर (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर स्थित सबसे पुराना राजकीय मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों से ही गाड़ी से जलावन की लकड़ी उतरवाने व उसे कमरे तक रखवाने का काम किया जाता है। 21 वीं सदी के बदलते परिदृश्य में भी इस विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए जलावन में सुखी लकड़ी का ही उपयोग किया जाता है। यह इकलौता विद्यालय है जहां आज भी लकड़ी पर मध्याह्न भोजन बनाया जाता है। शिक्षकों के अनुसार एलपीजी सिलेंडर चोरी हो जाने की वजह से गत एक वर्ष से सुखी लकड़ी से ही मध्यहान भोजन बनता है। सबसे मजेदार बात तो यह है की इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक सहित पांच शिक्षक पदस्थापित हैं। जबकि सिर्फ 50 बच्चे ही नामांकित हैं। स्कूल आने वाले बच्चों की संख्या 20 से भी कम हो जाती है। विद्यालय में शिक्षकों ने पठन पाठन कार्य छोड़ बारी बारी से घर आराम फरमाने की लत लगा रखी है। जबकि महज एक किलोमीटर दूर ही प्रखंड संसाधन केंद्र भी है। जिसमे बीईईओ व बीपीओ बैठते हैं। विद्यालय की अराजक स्थिति से स्पष्ट होता है की शिक्षा विभाग के अधिकारी के साथ शिक्षको की मिलीभगत है। किसी विद्यालय में बच्चों के अनुपात में शिक्षक नहीं है। जबकि इस विद्यालय में शिक्षकों के अनुपात में विद्यार्थी नहीं है।

बताया जाता है कि विद्यालय के शिक्षक व प्रधानाध्यापक बच्चों का नामांकन जान बूझकर नहीं करते हैं। जिससे उन्हें अत्यधिक बोझ से बचना पड़े। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश प्रसाद से संपर्क करने का प्रयास किए जाने पर जवाब नहीं मिल सका है।

## हरिहरगंज में अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद, एक करोड़ रुपये की शराब जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



जब्त की गयी अवैध शराब की जखीरा और पुलिस पदाधिकारी।

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत ममरखा गांव निवासी वकील सिंह के घर और एक शेड से गुरुवार की देर शाम उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पलामू उपायुक्त के निर्देश पर छत्तरपुर एसडीएम आशीष गंगवार और उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव के नेतृत्व में की गयी इस कार्रवाई में सीओ मनीष कुमार सिन्हा और पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार भी शामिल थे।

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना पर वकील सिंह के घर से 1335 पेटी शराब बरामद की गयी है, जिसमें रॉयल ब्लू विस्की का रैपर लगा हुआ है। जबकि छापामारी की भनक लगते ही शराब कारोबारी और मकान मालिक फरार हो गये। उन्होंने बताया कि शराब की दुकानें बंद होने के कारण कारोबारी अवैध शराब को बाहर भेजने की फिराक में थे। बरामद शराब के बोतल पर लगे लेबल से प्रथम दृष्टया नकली प्रतीत होता है। इस मामले में मकान मालिक वकील सिंह पर उत्पाद अधिनियम की धारा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर डीसी ने बैठक की

## निश्चय मित्र बनाने, फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान डीसी ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में आयोजित होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन, जांच और उपचार, अभियान में जनभागीदारी, नाट टेस्ट सहित अन्य गतिविधियों के संबंध में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी से जानकारी ली।

**निश्चय मित्र बनाने, फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश**

बैठक में डीसी ने जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक माइक्रोप्लान तैयार करने साथ ही निश्चय मित्र योजना को सफल बनाने हेतु सांसद, विधायक, व्यवसायी, पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर टीबी मरीजों को गोद लेने और फूड बास्केट प्रदान करने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सीएसआर के तहत भी फूड बास्केट वितरण करने में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने सीएस को सभी प्रखंड, अंचल व जिला के सभी कार्यालय प्रधान को चिट्ठी लिखकर टीबी के मरीजों को गोद लेने व फूड बास्केट के वितरण में सहभागिता निभाने की बात कही। बैठक में सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित रहे।

## वन है तो जीवन और अमन है: अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** तीन जुलाई से एक सप्ताह के लिए पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत तो पचास के दशक में ही हो गया था किंतु वैश्विक ताप के मद्देनजर विभाग का नाम भी बदला गया और वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रखा गया। वन के बेतहाशा कटाई से पर्यावरण असंतुलित हुआ और विकास के नाम पर आधारभूत संरचना के निर्माण से जलवायु भी परिवर्तन किया। इन्हीं सब बातों को लेकर हर साल वन महोत्सव मनाया जाता है। इस साल पलामू वन प्रमंडल के द्वारा 76वां वन महोत्सव का आयोजन स्थानीय कचरवा डैम क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया, जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव शामिल हुए। स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर होने के नाते नगर निगम के लोग विशेष तौर पर आमंत्रित किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद वीडी राम, उप विकास आयुक्त पलामू, अनुमंडल अधिकारी सदर व छतरपुर वन प्रमंडल पदाधिकारी पलामू के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर वन महोत्सव को उद्घाटन किया गया।

इस दौरान संत मरियम विद्यालय के बेटियों ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर धारदार बात रखी। साथ में पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री देव ने कहा कि वन है तब ही जीवन है,वन है तो अमन है। विकास और अत्याधुनिक जीवनशैली के नाम पर आज मानव जीवन नरकीय बनता जा रहा है। धरती पर युद्ध की स्थिति है हम सबको आने वाली नस्लों और पृथ्वी के अस्तित्व के लिए हर आदमी को एक एक पेड़ लगाना चाहिए। तभी अमन के साथ जीवन बचेगा।

## श्रावणी मेले में प्रसाद और भोजन की दर तय, प्रशासन ने जारी किये दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 11 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर जलार्पण करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से देवघर जिला प्रशासन ने प्रसाद और भोजन सामग्री की दरें निर्धारित कर दी हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 800 ग्राम खोवा और 200 ग्राम चीनी वाले पेड़े की कीमत 400 रुपए प्रति किलो तय की गयी है, जबकि 700 ग्राम खोवा और 300 ग्राम चीनी वाले पेड़े की दर 360 रुपए प्रति किलो रखी गयी है। रायपुर चूड़ा और इलायची दाना 80 रुपये प्रति किलो तथा कम्पोजिट चूड़ा 60 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध रहेगा। भोजन की दरों की भी समीक्षा कर इसे स्वीकृत किया गया है। मारवाड़ी बासा में भरपेट भोजन 80 रुपये में मिलेगा। प्लेन चावल की थाली 60 रुपये, जबकि मटर पनीर, आलू परवल, पनीर बटर मसाला और अन्य विशेष सब्जियों की थाली की दरें 80 से 180 रुपये तय की गयी हैं। रोटियों की दर साधारण से लेकर घी लगी रोटी के लिए 7 से 25 रुपये रखी गयी है। प्रशासन ने निर्देश जारी किये हैं कि सभी होटल और भोजनालय अपने प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाये रखें, दर सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या मिलावट पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

श्रद्धालुओं से अपील की गयी है कि निर्धारित दर से अधिक भुगतान न करें और किसी भी शिकायत की स्थिति में नियंत्रण कक्ष को सूचित करें।

### प्रखंड कार्यालय में मनरेगा और आवास योजना को लेकर बैठक

## बागवानी, बिरसा हरित ग्राम योजना और लंबित आवासों को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवघर प्रखंड कार्यालय देवघर में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों एवं पंचायत सचिवों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिया कि बागवानी एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रस्तावित सभी कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाये। पौधारोपण कार्य हर हाल में समय पर पूर्ण करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो आवास योजना अंतर्गत कार्य अधूरे हैं, उन्हें तीव्र गति से पूर्ण किया जाये। जिओ ट्रैकिंग पेंडेंसी को समाप्त करने का भी निर्देश दिया गया और कहा गया कि सभी पंचायत सचिव समयबद्ध रूप से जियो टैगिंग सुनिश्चित करें। मनरेगा योजना के निष्पादन को जुलाई माह के अंत तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन आवासों का कार्य पिलिंथ स्तर पर है या लिंटर तक पहुंचा है, उनकी पूर्णता प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर पंचायत सचिव कन्हैया दास, संगीता मिश्रा, राजहंस पांडे, मुकेश पांडे, सुखदेव राय, सुशील शेखर, रोजगार सेवक अब्दुल कबीर, रंजीत, सलाउद्दीन, नीरज कुमार सिंह, बीपीओ मनरेगा सुधांशु शेखर सिंह, बीपीआरओ लक्ष्मी नारायण रावत और शशांक शेखर उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने शहर में जल जमाव का लिया जायजा, दिये कई निर्देश



जल जमाव का जायजा लेते कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्ड का भ्रमण कर जल जमाव व सफाई कार्य का जायजा लिया। इस दौरान नगर प्रशासक के साथ नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता एवं सुपरवाइजर की संयुक्त टीम ने शहर के मुख्य बाजार, बक्शी हाई स्कूल व बालिका उच्च विद्यालय के समीप जल निकासी को लेकर स्थिति का जायजा लेकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

इस संबध में कार्यपालक पदाधिकारी श्री हंस ने बताया कि शहर को जल जमाव से निजात दिलाना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए सुपरवाइजर व कनीय अभियंता को समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। साथ ही उन्होंने नगर वासियों और व्यवसायियों से अपील की है की प्लास्टिक, थर्माकोल, सामान के पैकेट इत्यादि को नाले में ना डालें जिसके कारण नाला जाम की समस्या हो जाती है और गंदगी भी फैलती है। उन्होंने शहर वासियों से घर का कूड़ा व दुकानों की गंदगी सफाई वाहन में डालने का आग्रह किया है। जिससे सफाई कर्मियों को सफाई करने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ व सुंदर बनाने में आमलोगों का सहयोग अपेक्षित है।

## देवघर एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, यात्रियों और स्टाफ को मिला लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर हवाईअड्डा के आगमन क्षेत्र में शुक्रवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों, एयरपोर्ट कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। जिसमें डॉक्टरों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर एयरपोर्ट निदेशक ने त्रिदेव अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवघर एयरपोर्ट स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ऐसे शिविर भविष्य में भी आयोजित किये जायेंगे, ताकि यात्रियों और कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में यात्रियों, एयरपोर्ट स्टाफ और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय प्रयास बताया। देवघर एयरपोर्ट प्रबंधन ने भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रमों के आयोजन की योजना जतायी है, जिससे एक स्वस्थ और जागरूक यात्रा परिवेश सुनिश्चित किया जा सके।

### मिर्च की कीमत में गिरावट, किसानों ने कहा

## लागत निकालना भी हुआ मुश्किल प्रशासन से राहत पैकेज की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में कई एकड़ मिर्च लगाई गयी है जिससे किसान इस समय अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। वही किसान अलीमुद्दीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मिर्च की कीमतों में भारी गिरावट के कारण हमलोगों का कमर टूट गयी है। 70 रुपये प्रति किलोग्राम बिकने वाली मिर्च अब मात्र 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गयी है, जिससे किसानों के लिए अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। कई किसानों ने हताशा में अपनी मिर्च की फसल को खेतों में ही सड़ने के लिए छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, जिन किसानों ने फसल तोड़ी है, उन्हें भी उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिसके कारण वे अपनी तोड़ी हुई फसल को बोरियों सहित कम दाम में बेचने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसानों की दयनीय हालत को दर्शाती है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि लागत में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि फसल के दाम लगातार गिर रहे हैं। रोपाई से लेकर तुड़ाई तक का खर्च और फिर मंडी तक पहुंचाने का किराया, सब मिलाकर उन्हें भारी घाटा हो रहा है। इस स्थिति से परेशान किसान ने जिला प्रशासन और झारखंड सरकार से तत्काल हस्तक्षेप और राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

## बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई के पूर्व एनसीसी सीटीओ को दी गयी विदाई



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई मे कार्यक्रम आयोजित कर एनसीसी के पूर्व सीटीओ डॉ निसार अहमद को विदाई दी गयी। डॉ निसार ने महाविद्यालय मे सीटीओ के रुप में जनवरी 2023 से जनवरी 2025 तक दो वर्ष रहे। विदाई समारोह में प्रभारी प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि डॉ निसार अहमद ने सीटीओ के रुप मे कार्य करते हुए एनसीसी को अलग पहचान दिलाया। स्वयं के खर्च से प्रोत्साहित कर सफलता दिलायी। इसके कार्य काल में महाविद्यालय के ग्यारह कैडेट का चयन अग्निवीर में हुआ। वहीं दो कैडेट का चयन होमगार्ड में हुआ है। डॉ निसार अहमद ने कहा मै डर से कांलेज में एन सी सी कैडेट नहीं बना। पर महाविद्यालय में सीटीओ बना तो आत्मविश्वास बढ़ा। शुरू में परेशानी हुई पर हर परेशानी को देखते हुए महाविद्यालय मे एन सी सी कैडेटों को आगे बढ़ाने का काम किया है। जिससे कैडेट भी साथ चल कर मेहनत किया। आज जिसका फल मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन वर्तमान सीटीओ डॉ श्रवण कुमार तिवारी ने किया। मौके पर डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ पारंगत खलखो, प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, डॉ अरुण कुमार दास, सुरेश साहु,प्रो विनीता गुड़िया, प्रो करम ओडेया, डॉ कीर्ति मिंज, डॉ दीपक कुमार,प्रो अरविंद प्रसाद, डॉ बिष्णु देव तिवारी,डॉ इंद्रजीत राम, प्रो सुनिता कुमारी,प्रो कृष्णा कुमार आर्या, जगरनाथ साहु साहु सहित कई लोग शामिल थे।

## खीरा खांड में मृत बच्चों के परिजनों को पंचायत समिति सदस्य ने दिया सहयोग का भरोसा



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के खीरा खांड गांव में करीब एक वर्ष पूर्व खेलने के क्रम में पुआल से जलकर तीन बच्चों की मौत हो गयी थी। मामले को लेकर परिवार के लोगों ने प्रखंड प्रशासन से सहयोग की गुहार लगायी थी। प्रखंड प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को सिर्फ आश्वासन मिला आज तक किसी प्रकार की सुविधा और सहयोग नहीं मिल पाया। वही कोई भी प्रशासनिक अधिकारी आज तक परिवार की सुध लेने गांव नहीं पहुंचा। परिवार के लोग थक हार कर चुप हो गये। बता दे कि एक वर्ष पूर्व तीन मासूम बच्चे गांव के समीप पुआल के पास खेल रहे थे तभी माचिस से पुआल में एक बच्चे ने आग लगा दी देखते ही देखते धू धू कर पुआल जलने लगा और तीनों बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए तीनों को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत तीनों को रिम्स रेफर कर दिया गया। सोमरा खड़िया के चार वर्षीय पुत्र निर्मल खड़िया की सदर अस्पताल में ही मौत हो गयी। कुछ दिनों बाद रिम्स में इलाज के क्रम में लोदो खड़िया का चार वर्षीय पुत्र अनीश खड़िया और तेतरु खड़िया की 4 वर्षीय पुत्री सोनी खड़िया की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। गुरुवार की अपराह्न 4 बजे पंचायत समिति सदस्य हिमांशु गुप्ता पीड़ित परिवार से मिले और सहयोग का आश्वासन दिया साथ ही वीडियो प्रधान हांसदा को आवेदन देते हुए पीड़ित परिवार को सहयोग की गुहार लगायी है।

## राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय के जर्जर भवन का प्रखंड प्रमुख -बीडीओ ने लिया जायजा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोड़ेदाग का चार जर्जर कमरा के नीचे छोटे-छोटे मासूम बच्चों के पढ़ने की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में तीन जुलाई को प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुआ था इसपर संज्ञान लेते हुए शुक्रवार की दोपहर को सिसई प्रखंड प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख निलेश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव सहित 15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। विद्यालय पहुंचते ही विद्यालय परिसर का साफ सफाई विद्यार्थियों की उपस्थिति और अनुशासन को देखकर भारी उत्साहित हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनमोहन मिश्रा ने आंख में आंसू भरते हुए विद्यालय के जर्जर भवन और अन्य सभी परेशानियों को बताया। जहां उन्होंने कहा इन सभी गरीब बच्चों का भविष्य को बचा लीजिए। इस विद्यालय के आसपास नजदीक में और कोई विद्यालय नहीं है। जिसके कारण इस क्षेत्र के सभी विद्यार्थी कक्षा एक से दसवीं तक के पढ़ाई करने के लिए आते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है जिसके कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में परेशानी हो रही है। विद्यालय में कुल 7 रूम है जिसमें से चार रूम की स्थिति बहुत ही खराब है वहीं तीन रूम ठीक ठाक है जिसमें एक रूम में कार्यालय और दो रूम में कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी बैठते हैं।

# गुमला में अतिक्रमण हटाने का विरोध, प्रदर्शन, नगर परिषद कर्मियों से हाथापाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला के जशपुर रोड स्थित डेली मार्केट में शुक्रवार को एक बार फिर से हाई वाल्टेज ड्रामा चला। रिमझिम वर्षा के बीच नगर परिषद के अधिकारी और कर्मियों ने डेली मार्केट में लगे दुकानों को हटाने का आदेश दे दिया। जबरन दुकान हटवाने पर दुकानदार और नगर परिषद कर्मियों क बीच हाथापाई भी हो गई। घटना में दो लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया। जिसके विरोध में सब्जी दुकानदारों ने रोड पर उतर कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के कारण आवागन बाधित हो गया। वर्षा के कारण महिलाएं छाता लेकर रोड पर प्रदर्शन कर रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से बहस होने लगा। नगर परिषद की ओर से अधिकारी कर्मचारी और पुलिस तथा दुकानदारों की ओर से राजनीतिक सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन के लोग उतर गए। चेंबर आफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता रमेश कुमार चीनी ने कहा कि नगर प्रशासन के ठेकेदार प्रत्येक दिन दुकानदारों से टैक्स लेता है। इसलिए यह दुकान अवैध नहीं हो सकता है। उधर प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि नगर प्रशासन बरसात में गरीबों को परेशान कर अन्याय कर रही है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सब्जी दुकान से गरीबों का रोजी रोटी चल रहा है। प्रशासन और सब्जी विक्रेताओं के हाई वाल्टेज ड्रामा के कारण डेली मार्केट कीचड़ में तब्दील हो गया। वही नगर परिषद ने दो जेसीबी लगाकर पूरे मार्केट को तहस-नहस कर दिया जिससे पूरा मार्केट कीचड़ में तब्दील हो गया। शुक्रवार को कुछ देर के लिए दुकान नहीं लगी। शाम में कुछ दुकाने खुलने लगी थी।

# मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा बसिया दलमादी लीज खनन का मामला

**जिला परिषद सदस्य ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर बसिया प्रखंड के मौजा दलमादी में अवैध तरीके से किये गये लीज को रद्द करने की मांग की। उन्होंने नियम के विरुद्ध इस कार्य में संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ कारवाई की भी मांग की है। मुख्यमंत्री को दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि तिजराज बिल्डकॉन के द्वारा बसिया अंचल के मौजा दलमादी से गलत वंशावली बनवाकर दिनांक 27 जनवरी 2023 को जमीन का लीज एकरारनामा के तहत कराया और 31 जनवरी 2024 को लीज पट्टा स्वीकृत करा लिया गया है।

**आदिवासी भूमि पर गैर आदिवासी को नहीं दिया जा सकता खनन लीज पट्टा :** जिप सदस्य ने कहा कि गुमला जिला पांचवी अनुसूची क्षेत्र से सम्बंधित जिला है जिसमे पांचवी अनुसूची के प्रावधानों के अनुसार कोई भी गैर आदिवासी व्यक्ति आदिवासी की जमीन को न तो खरीद सकता है और न खनन पट्टा के लिए लीज ले सकता है। थाना क्षेत्र की बाध्यता का भी उलंघन किया गया है। आवेदन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया गया है कि 11जुलाई 1997 समता जजमेंट के अनुसार भी स्पष्ट है कि आदिवासी की जमीन को गैर आदिवासी को लीज या खरीदगी नही किया जा सकता है। सीएनटी एक्ट 1908 में भी स्पष्ट उल्लेख है कि आदिवासी की जमीन को लीज या खरीदगी गैर आदिवासी के द्वारा नही किया जा सकता है फिर भी यहां लीज दे दिया गया।

**इस अवैध खनन पट्टा देने में उपायुक्त- खनन पदाधिकारी व अंचलाधिकारी की रही है अहम भूमिका :** इस अवैध लीज देने में तत्कालीन उपायुक्त गुमला, खनन कार्यालय गुमला, अंचल अधिकारी बसिया सभी की अहम भूमिका रही है। संवैधानिक नियमो को दरकिनार करते हुए उक्त सभी अधिकारी पदाधिकारियो ने उक्त खनन पट्टा को स्वीकृति दी है। खतियानी रैयतों द्वारा उक्त लीज को रद्द करने हेतु तत्कालीन उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया गया था जिसमें खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौपी गयी थी।

### मोटी रकम लेकर उल्टा रिपोर्ट बनाने का है आरोप

**आवेदक ने बताया कि उन पदाधिकारियों के द्वारा मेसर्स तिजराज बिल्डकॉन के विकास कुमार व दीपक प्रसाद से मोटी रकम लेकर जांच को प्रभावित करते हुए जांच में लीपा पोती कर खनन कम्पनी के पक्ष में जांच रिपोर्ट बना दिया गया है। जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री से खनन पट्टा को रद्द करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने और दोषी उपायुक्त, जिला खनन पदाधिकारी एवम अंचल पदाधिकारी के विरुद्ध न्याय संगत कारवाई करने की मांग की है।**

## पुसो में आदिवासी मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, केस दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना प्रभारी प्रकाश तिर्की ने बृहस्पतिवार रात 8:00 बजे के आसपास जानकारी देते हुए कहा कि पुसो थाना क्षेत्र के एक आदिवासी महिला द्वारा थाना में आवेदन देते हुए बताया गया है कि बीते 1 जुलाई 2025 को उसकी 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। दुष्कर्म एक नाबालिक किशोर ने किया है। यह घटना उस समय घटी जब बच्ची नहाने के लिए डोभा गई हुई थी। उसी समय नाबालिक किशोर ने मिठाई खिलाने का लालच देकर बच्ची को झाड़ियों में ले गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया। बच्ची ने जब सारा मामला अपनी मां को बतायी तो लोक लाज के डर से उन्होंने तुरंत पुसो थाना को इसकी सूचना दी। सूचना के आधार पर पूसो थाना प्रभारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।


# सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर चैंबर ने उपायुक्त से की मुलाकात, मांगपत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शुक्रवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला उपयुक्त से उनके कार्यालय में मुलाकात किए और गुमला के समस्याओं से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपा इस मांग पत्र में मुख्य रूप से दो बिंदुओं का उल्लेख किया गया है। गुमला शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था में दिक्कत होने लगी है इससे निजात पाने के लिए सिसई रोड कर्मडीपा से लेकर चंडाली बाइपास तक सड़क का चौड़ीकरण करा दिया जाये जिससे वाहनों का आवा जाही में काफी सुविधा होगी। भवन निर्माण से संबंधित दैनिक मजदूरों को पालकोट रोड में खुले में जमा रहना पड़ता है बरसात या गर्मी में काफी दिक्कत होती है इसलिए कहीं पर स्थाई मजदूर पड़ाव की व्यवस्था की जाये। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, कार्यकारणी के दिलीप गुप्ता और रितेश कुमार उपस्थित थे।

**स्पोर्ट्स**



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी।

# भारत का बांग्लादेश दौरा तय समय पर नहीं होगा

एजेंसी



**ढाका/ नयी दिल्ली।** भारत का बांग्लादेश दौरा अब तय समय पर नहीं होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भले ही आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे और टी20 सीरीज की तैयारियां रोक दी गयी हैं। माना जा रहा है कि भारत और बांग्लादेश के बीच हाल ही में बिगड़े रिश्तों और सुरक्षा की वजह से यह फैसला लिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सीरीज के मीडिया राइट्स की बिक्री भी टाल दी है। पहले 7 जुलाई को टेक्निकल बोली और 10 जुलाई को फाइनेंशियल बोली होनी थी। लेकिन अब बोर्ड ने तय किया है कि वह पहले पाकिस्तान सीरीज (17-25 जुलाई) के लिए मीडिया राइट्स बेचेगा और फिर बाकी मैचों के लिए फैसला लेगा। एक हफ्ते पहले बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा था कि दौरे में आने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) को अपनी सरकार की मंजूरी का इंतजार है।

**बीसीसीआइ ने भी मना किया, कोई तारीख तय नहीं :** क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि भारत ने अगस्त में दौरे के लिए मना कर दिया है। बीसीसीआइ ने फिलहाल कोई पक्की तारीख नहीं दी है। हालांकि, अगले हफ्ते तक इस पर आधिकारिक बयान आ सकता है।

**सरकार की सलाह के बाद बीसीसीआइ ने फैसला लिया :** भारत सरकार ने मौजूदा हालात को देखते हुए बीसीसीआइ को बांग्लादेश दौरे से बचने की सलाह दी है। हालांकि, यह सलाह सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज के लिए है। बांग्लादेश में आए दिनों हिंसा के मामले हो रहे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को बांग्लादेश भेजना सही नहीं हैं। 3 जून को भारत सरकार ने पाकिस्तान की हॉकी टीम को एशिया कप के लिए बिहार आने की अनुमति दी है, जो 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में होगा। ऐसे में एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के मैच को लेकर संभावना बढ़ गयी हैं।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**जारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त 11 साईकिल का वितरण शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र जारी मे बीइओ प्रीति कुमारी कुजूर और बीपीएम सरफराज अंसारी के द्वारा नि:शुल्क वितरण किया गया। बीपीएम सरफराज अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा सामान्य जाति के बालक बालिकाओं को जो वर्ग आठ मे सत्र 2023-2024 में अध्ययनरत थे उन्हें साइकिल वितरण किया गया। साइकिल प्राप्त कर समान्य जाति के बच्चों मे खुशी देखी गयी। बच्चों ने कहा कि हमलोगों को सामान्य जाति होने के कारण साइकिल नहीं मिल रहा था लेकिन अब हमलोगों को भी साईकिल मिल रहा है। अब हमलोग साइकिल से ही स्कूल आना जाना करेंगे। वहीं बीइओ प्रीति कुमारी कुजूर ने बच्चो से कहा कि अब आपलोगों स्कूल समय पर जा सकेंगे क्योंकि अब आपलोगों को साइकिल मिल गया। सरकार के द्वारा पढ़ाई के लिए हर तरह का प्रयास कर रही है जिसका आप लोगो फायदा उठायें। कहा कि सरकार शिक्षा पर विशेष जोर दे रही है आपलोग दूर दराज से स्कूल आते जिससे स्कूल आने मे विलंब हो जाती है इसका ख्याल रखते हुए सरकार के द्वारा नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर बीआरपी रीना कुमारी, निर्भय कुमार, सेवन्ती कुमारी सीआरपी दिनेश नन्द माताशरण कुजूर आदि उपस्थित थे।

## जरडा पंचायत का डीटीओ ने किया निरीक्षण



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के जरडा पंचायत में शुक्रवार को डीटीओ गुमला राकेश कुमार गोप के द्वारा निरीक्षण किया गया। सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र भीखमपुर की मध्यान भोजन की जांच की गयी और बच्चों की हाइट वजन को मापने सहित रजिस्टर एवं उपस्थित चेक किया गया। स्वास्थ्य केंद्र भीखमपुर का निरीक्षण करते हुए दवाई भी की जानकारी ली और साफ सुथरा रखने की बात कहा। ततपश्चात बरवाडीह में लाभुक जंतरी देवी का सरकार द्वारा बन रहे अबुआ आवास को जल्दी से ढालने की बात कही। मनरेगा कूप निर्माण लाभुक नीरा देवी को कुआं को जल्दी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। पीडीएस दुकान जरडा नूरी महिला समूह की वितरण और स्टॉक की रजिस्टर भी चेक किया गया और कहा कि पीडीएस दुकान रोजाना खोलने की बात कही। साथ में उपस्थित जरडा पंचायत के मुखिया विनय एक्का, बीपीओ आजाद कुमार, पंचायत सेवक अमित कुमार साहू, अरुण साहू , प्रदीप लकड़ा,रोजगार सेवक परशुराम मौके पर साथ थे।

## विद्यार्थियों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती का प्रशिक्षण मिला



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत में स्थित प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय में त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्रालि के प्रोडक्ट डेवलपमेंट ऑफिसर संजय कुमार राय व स्कूल के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव के द्वारा कक्षा नौवीं और दसवीं के छात्रों को मक्का की खेती करने के लिए खेत में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। खेतों में बीज बोने की दूरी को बताया गया। रो टू रो, 60 सेंटीमीटर और प्लांट टू प्लांट की दूरी 20 सेंटीमीटर पर मक्का लगा कर बतलाया गया। किसान परिवार से आने वाले छात्रों ने खेती की वैज्ञानिक पद्धति को देखकर बेहद खुश और प्रभावित हुए। छात्रों ने कहा कि हम सभी अपने अपने घरों में भी वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए घरवालों को प्रेरित करेंगे। संजय राय ने बताया कि इस विधि से खेती करने पर किसानों की आय दोगुनी हो जाती है। सभी छात्र वैज्ञानिक विधि से खेती करने की बातें कहीं।

## अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला से अमरनाथ तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था विगत 24 जून को बाबा बर्फानी के दर्शन हेतु प्रस्थान किया था। इस समूह में गुमला से कुल 52 तीर्थयात्रियों ने श्री अमरनाथ यात्रा के प्रथम दिवस पर भगवान अमरनाथ के सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक दर्शन प्राप्त कर समस्त गुमलावासियों के खुशहाली की कामना की। जानकारी रविन्द्र सिन्हा ने दी।

## बीडीओ ने राशन दुकानों का किया निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश कुमार ने घाघरा प्रखंड के तीन राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार रुकी गांव स्थित बिहारी उरांव, पोढ़ा गांव के वासुदेव उरांव, और छोटाअजियातु के विजेंद्र साहू के राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस क्रम में तीनों दुकान बंद पाया। वही दुकानों के बाहर दीवार लेखन नहीं रहने पर फटकार भी लगाया। दूरभाष पर संपर्क करने पर छोटाअजियातु के राशन डीलर विजेंद्र साहू राशन दुकान पहुंचे। जहां बीडीओ ने स्टॉक पंजी वितरण पंजी, स्टॉक की जांच की। इसके साथ ही साफ सफाई, दीवाल लेखन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही लाभुकों से ससमय राशन मिलने की जानकारी भी ली। साथ ही सभी डीलरों को समय पर राशन का वितरण करने राशन दुकानों को खोलने व कई अन्य संबंधित दिशा निर्देश दिया। मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल सहित कई ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।

## देवाकी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक आज

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** देवाकी बाबा धाम प्रबंधन समिति की बैठक 5 जुलाई को मंदिर प्रांगण में रखी गयी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए समिति के सचिव किशोर कुमार जायसवाल ने बताया कि सावन के पावन माह को देखते हुए प्रबंधन समिति की बैठक रखी गयी है। जहां सावन माह में आने वाले श्रद्धालुओं सहित मेला के अलावा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात किया जायेगा। बैठक का समय दोपहर 3 बजे रखा गया है। उन्होंने सभी लोगों से समय पर बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

## बाइक और ऑटो की टक्कर में एक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बसिया रोड में बृहस्पतिवार शाम 6:30 बजे के आसपास एक ऑटो और बाइक में टक्कर हो गया। जिसमें बाईक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तुरंत रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। एवं घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

## शारदा सिंह ने बकाया राशि के आवंटन को लेकर दीपिका पांडेय से की मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शारदा सिंह के अगुवाई में शुक्रवार को पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से धुर्वा रांची स्थित आवास में मुलाकात कर 15 वित्त 24– 25 बकाया राशि के आवंटन के संबंध में गहन चर्चा हुई। जिसमें माननीय मंत्री ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए इसे जल्द से जल्द भुगतान करने के संबंध में निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस बैठक में धनबाद जिला के सभी प्रखण्ड के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने मनमानी तरीके से हो रहे प्रखंड एवं मुख्यालय मे हो रहे काम को लगाम लगाने हेतु अपनी अपनी बातों को मंत्री महोदय ने इसे संज्ञान में लेते हुए कड़े शब्दों में सभी जिला के उपायुक्तो को निर्देश दीए कि कोई भी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का अवहेलना नहीं किया जायेगा। इस बैठक में प्रखंड प्रमुखगण, जिला परिषद सदस्यगण, मुखियागण, पंचायत समिति सदस्यगण, वार्ड सदस्यगण उपस्थित थे।

## पूर्वी टुंडी में बालू लदा ट्रक जब्त, एफआइआर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में आज दोपहर लगभग 12:45 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में पूर्वी टुंडी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक, रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 78 एटी 5166, को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुंडी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## झरिया सीओ ने जोरापोखर में की त्रिपक्षीय वार्ता



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना मे हो रही हैवी ब्लास्टिंग के कंपन एवं पत्थरों के उड़कर आसपास के मोहल्लों में जाने से जानमाल की खतरों से प्रभावित मोदीभिट्ठा बस्ती के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को झरिया सीओ मनोज कुमार ने जोरापोखर थाना में त्रिपक्षीय समझौता वार्ता किया। वार्ता में एकीकृत जयरामपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी ए के पांडेय ,प्रबंधक शांतनु शील,थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा एवं बस्ती के पांच दर्जन रैयत व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। बस्ती के ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे जेएलकेएम के नगर अध्यक्ष शक्ति नाथ महतो,सुरेश चक्रवर्ती ,वीना देवी एवं पार्वती देवी ने सीओ को बस्ती के बगल में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए आवासों की मरम्मती कराने,बस्ती के रैयतों को आर आर पॉलिसी के तहत जमीन के बदले नियोजन और मुआवजा देने को जरेडा में 2017 में रैयतों द्वारा जमा की गयी। जमीन की कागजात का तत्काल समाधान करने,सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सुविधाओं के साथ बस्ती के लोगों को विस्थापित करने , तथा विस्थापित बेरोजगारों को परियोजना एवं मैनुअल लोडिंग में रोजगार देने की मांगों से अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान होने तक बस्ती के समीप चल रही परियोजना में खनन कार्य पर रोक लगाने की मांग किया। वार्ता को हुई बैठक में कोयला अधिकारियों ने परियोजना में संतुलित ब्लास्टिंग करने तथा ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमिटी के साथ वार्ता कर समाधान करने का सीओ एवं ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। इस दौरान सीओ मनोज कुमार ने प्रबंधन को बस्ती के रैयतों की जमीन संबंधी जरेडा को दी गयी। कागजातों पर बात कर सभी कागजातों के साथ पुन: 14 जुलाई को रैयतों की समस्याओं पर वार्ता करने को आने का निर्देश दिया है। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने सीओ से आगामी वार्ता के पहले बस्ती में समस्याओं से होने को निरीक्षण करने की मांग किया। ग्रामीणों की मांग पर सीओ ने बस्ती में आने का लोगो को आश्वासन दिया है। वार्ता में सुरेश चक्रवर्ती, नेपाल भट्टाचार्य, मुकेश महतो,मनौती कुमारी,रामप्रसाद सिंह, सरिता कुमारी,भानु देवी, ममता देवी, जोशना देवी, दिलीप सिंह, विजोला देवी आदि थे।

## घर से 3 लाख जेवर समेत नगद की चोरी

**फुसरो/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो मे घरों मे चोरी होने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। लोग जीवन भर मेहनत मजदूरी कर संपत्ती इकट्ठा करते है और चोर पल भर मे चोरी कर रफूचक्कर हो जाते है। इसी तरह का मामला बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बाटा गली निवासी सिंह नगर गैराज संचालक दिलीप कुमार सोनी के यहां हुआ है। जब वो अपने परिवार के साथ अम ससुराल बिहार के जमुई गए हुए थे और घर मे ताला बंद था, तब चोर घर का ताला तोड़ 3 लाख का जेवर और 25 हजार रुपए कैश की चोरी कर ली। इसके लिए दिलीप ने बेरमो थाना में आवेदन देकर इसकी जानकारी दी है। दिलीप ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी उन्हें पड़ोसियों ने फोन के द्वारा मिली थी। आवास पहुंचे, तो कमरे का ताला टूटा था। अंदर कमरे अलमारी में रखे सारा सामान बिखरा पड़ा था। तीन लाख के जेवरात व 25 हजार रुपये गायब थे। बताया कि मुझे अंदेशा है कि वह कर कॉलोनी का ही है। दिलीप की पत्नी ने बताया कि छोटे-छोटे जेवर मिलाकर कुल लगभग 3 लाख के समान थे। इसके अलावा 25 हजार रुपए कैश थे। हम लोगों की जिंदगी भर का जमा पूंजी चोरों ने चोरी कर ली है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भय व्याप्त है। लोगों ने बेरमो पुलिस से कॉलोनी में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## शहीदों के नाम वृक्षारोपण कर स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान का शुभारंभ

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण–मित्र चौक स्थित पर्यावरण–मित्र वाटिका में 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति उद्यान' का शुभारंभ बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी ने अमर शहीद सिदो की स्मृति में दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष का रोपण कर किया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक लक्ष्मी दास ने अमर शहीद कान्हू की स्मृति में बहेड़ा का पेड़ लगाया। इसी प्रकार संस्थान के सदस्यों द्वारा मिलकर अमर शहीद चांद, भैरव, फूलो और झानो की भी स्मृति में एक एक दिव्य वृक्षों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इन शहीदों के जन्म स्थल की लायी गयी पवित्र मिट्टी वृक्ष लगाते समय उनकी जड़ में डाली गयी। इन वृक्षों को इन अमर शहीदों के नाम से जाना जायेगा। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा निर्णय लिया गया है कि झारखंड के रहने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के घर से लायी गयी मिट्टी को डालकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में एक एक वृक्ष इस स्वतंत्रता सेनानी उद्यान में रोपित कर उनको श्रद्धांजलि दी जायेगी।

# वाहन जांच अभियान में 4.50 लाख रुपये जुर्माना की वसूली

**पिंड्राजोरा चेकपोस्ट व चास तथा बालीडीह क्षेत्र में कुल 97 वाहनों की हुई जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 एवं राष्ट्रीय राज्यमार्ग 320 पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट एवं चास तथा बालीडीह थाना क्षेत्र पर परिवहन विभाग द्वारा शुक्रवार को चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 19 वाहनों से 4.50 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 19 वाहनों से 4.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया।

डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 97 वाहनों की जांच की गयर। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 19 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। इस अभियान में नगर निगम अंतर्गत जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड़, चास चेक पोस्ट सहित अन्य जगहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गयी। जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच के दौरान कुल 30 वाहनों को फाइन किया गया । जिसका रशीद ऑनलाइन दिया गया। जांच के दौरान एमभीआई कमल किशोर सिंह सहित विभाग के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## एशियन हॉस्पिटल में नवीनतम पद्धति से किडनी रोगियों का हो रहा इलाज : डॉ अफताब अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 200 से भी अधिक किडनी बायोप्सी कर चुके और 700 से अधिक किडनी रोगियों को स्वस्थ कर चुके एशियन हॉस्पिटल के अनुभवी किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ आफताब अंसारी ने एशियन हॉस्पिटल में सभागार में शुक्रवार को आयोजित किडनी की बीमारियों के नविनतम इलाज की चर्चा सत्र बैठक के दौरान बताया की अबतक किडनी का इलाज लोग रांची, कोलकाता जैसे बड़े शहरों में अधिक खर्च देकर करा रहे थे। अब किडनी बायोप्सी एवं अन्य नविनतम चिकित्सा प्रक्रियाओं से किडनी का इलाज मरीज सुलभ रूप से करा रहे हैं। मरीज के ईएसकेडी यानी एन्ड स्टेज ऑफ किडनी स्थिति में किडनी का प्रत्यारोपण इलाज भी लिविंग किडनी डोनर और डिजीस्ड किडनी डोनर के द्वारा कानूनी नियमों के अनुसार हमारे मुख्य हॉस्पिटल फरीदाबाद के एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एशियन हॉस्पिटल में में विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा हो रहा है। जिससे हजारों किडनी के मरीज लाभान्वित हुए हैं। धनबाद एशियन हॉस्पिटल सेंटर में भी किडनी ट्रांसप्लांट प्रत्यारोपण इलाज की तैयारियां चल रही है जिससे बहुत शीघ्र ही यहां धनबाद एवं आसपास के जिलों के किडनी रोगियों को किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी।

किडनी के इलाज चर्चा सत्र में उपस्थित एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन ने बताया कि हॉस्पिटल में डायलिसिस का फीस 13 सौ रुपए है लेकिन अब मरीज से कूल 700 रुपए फीस लिया जा रहा है जो धनबाद एवं आसपास जिलों के अस्पताल के फीस से सबसे कम है अस्पताल में वर्तमान में 18 डायलिसिस यूनिट है जिसमें हर महीने करीब 12 सौ लोगों का डायलिसिस किया जा रहा है।

## कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट समारोह संपन्न

## बोकारो जिला बल बना ओवरऑल चैंपियन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह के निर्देशन में पिछले तीन दिनों (2 जुलाई से 4 जुलाई 2025) तक चल रहे कोयला क्षेत्र पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को भव्यता के साथ हुआ । इस प्रतियोगिता में बोकारो जिला बल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं धनबाद जिला बल रनर अप रहा।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में कई प्रकार के इवेंट्स आयोजित किए गए, जिसमें बोकारो एवं धनबाद के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बोकारो जिला के सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बोकारो के तकनीकी शाखा प्रभारी पुष्पराज कुमार ने कुल 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीतकर इंडिविजुअल ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं, महुदा सर्किल, धनबाद की इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर ओवरऑल रनर अप बनीं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो प्रक्षेत्र, क्रांति कुमार गडिदेशी रहे। उन्होंने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जायेगा। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो के अलावा ग्रामीण एसपी धनबाद कपिल चौधरी, सिटी एसपी धनबाद ऋत्विक श्रीवास्तव, सिटी डीएसपी बोकारो आलोक कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट मेजर प्रथम प्रणव कुमार के नेतृत्व में किया गया।

## राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ ने धनबाद उपायुक्त को तीन सूत्री मांगपत्र सौपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ जोड़ापोखर।** सेल जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से संभावित खतरा बताकर प्रबंधन द्वारा 1 जुलाई से खदान को बंद किए जाने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। मामले को लेकर संयुक्त मोर्चा के समर्थकों ने एक ओर जहां शुक्रवार को कोलियरी परिसर में विरोध प्रदर्शन कर खदान चालू कराने की प्रबंधन से मांग किया तो वही ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं के मुद्दे पर शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश यादव के नेतृत्व में रणजीत यादव, रीना पासवान एवं उदय शर्मा ने शुक्रवार को जिले के उपायुक्त से मिलकर मजदूरों से जुड़ी तीन सूत्री मांगपत्र देकर जनहित तथा मजदूर हित में तत्काल हस्तक्षेप कर समस्याओं के अविलंब समाधान करने की मांग किया है। मांगपत्र में श्री यादव ने सेल के वर्तमान जीएम मनीष कुमार पर साजिश के तहत ठेकेदार को लाभ पहुंचाने को तथा 856 करोड़ की पेनाल्टी का घोटाला करने को गलत मसौदा तैयार कर खदान को बंद करने का आरोप लगाते हुए खदान बंदी से जुड़ी सभी मुद्दे की जांच कराने की मांग किया । उन्होंने उपायुक्त से कहा कि खदान बंद होने से जीतपुर के लगभग बीस हजार लोग पानी बिजली की समस्या से प्रभावित होंगे तथा 6 सौ असंगठित मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे। नेताओं ने कहा कि जब तक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तबतक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा**
**Email Id- rwdsimdega@ gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक– सिमडेगा / दिनांक–

एतद् द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना शीर्ष (4515) अन्तर्गत ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**19/R1/2025-26/RWD/ SIMDEGA** दिनांक **26-06-2024,** आईडेन्टीफिकेशन संख्या RWD/ SIMDEGA/19/ 08/ 2023-24 जिसका **PR 356131 Simdega (25-26)D** है। विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (a) में 60% के स्थान पर 50% पढ़ा जाय।
2. SBD के Page No- 15 के Clause 5.2 (b) में 50% के स्थान पर 1/3rd पढ़ा जाय।

**शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।**

ह0/– कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.356556 Simdega(25-26):D

**झारखण्ड सरकार**
**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प ज्ञापांक– 58(21) दिनांक–11.04.2025 के द्वारा सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम Claim की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को Indian Public Health के मानक के अनुरूप करने के लिए "अस्पताल प्रबंधन हेतु मार्ग निदेश" निर्गत किया गया है।

उक्त संकल्प के अनुसार विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत उपार्जित राशि के प्रबंधन पारदर्शिता एवं सही वितरण के लिए एक अलग बैंक खाता का संचालन किया जाना है।

इसके लिए एतद् द्वारा इच्छुक बैंक से बैंकिंग सेवाओं के लिए आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। इससे संबंधित शर्तें/अभिलेख झारखण्ड सरकार के बेवसाईट https://www.jharkhand.gov.in/health के Advertisement Section में उपलब्ध है। इच्छुक बैंक दिनांक–18.07.2025 तक अपना आवेदन/प्रस्ताव अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के कोशांग में जमा कर सकते है।

(विद्यानंद शर्मा पंकज)
सरकार के अपर सचिव

PR 356507 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**
**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**
**FOR RATE PURPOSE ONLY**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 08/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **Upgaradation and Renovation of the First Floor in the Hon'ble Governor's Residence Part at Rajbhawan, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 11-07-2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 12-07-2025 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 356500 Building(25-26)D

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
**Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com**

**अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2025–26**

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–

विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 14.07.2025 को 3:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक– 14.07.2025 को 3:30 बजे अप0,नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

<table>
<tr><th>SL No.</th><th colspan="2">Work Name</th><th>Rate Including All Taxes with Company Name (Per Set)</th></tr>
<tr><td>1</td><td>LED Street Light (45/48Watt)</td><td rowspan="2">S.I.T.C of floowing rating LED Street lighting luminarie with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP 66 Protection) in existing pole/pipe for supply voltage 100-270V AC, 50Hz. Luminarie shall be confirm to IS:10322 part-5/section-3 and shall be complete with all neccssary accessories as required. (Make Orient, Bajaj, Havells and Crompton)</td><td></td></tr>
<tr><td>2</td><td>LED Street Ligth (70/72Watt)</td><td></td></tr>
<tr><td>3</td><td>High Mast LED Flood Light (200 Watt)</td><td>S.I.T.C of floowing rating LED Flood lighting luminarie with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP 66 Protection) in existing pole/pipe for supply voltage 100-270V AC, 50Hz. Luminarie shall be confirm to IS:10322 part-5/section-5 and shall be complete with all neccssary accessories as required. (Make Orient, Bajaj, Havells and Crompton)</td><td></td></tr>
</table>

**नोट:–** कोटेशन की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https:// udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.356564 Lohardaga(25-26):D

**समादेष्टा का कार्यालय सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा०स०पु०–2, टाटीसिलवे, राँची**
**Email id-** commandantprsap1254@gmail.com
**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–04/2025–26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी, कैम्प झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे, राँची के विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टो एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले लेखन और टोनर (Cartridge) सामानों को क्रय करने हेतु समाचार पत्र के द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक– 05/07/2025 से 11/07/2025 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 16/07/2025 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक– 17/07/2025 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्तें:–

1. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर देंगे।
2. निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
3. निविदा की शर्तो को संशोधित करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
4. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
5. निविदा दाता का **GST/PAN** एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवत्ता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
7. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चित करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

समादेष्टा
झा0स0पु0–2 टाटीसिलवे,राँची
–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1वाहिनी,कैम्प–टाटीसिलवे, राँची।

PR 356550 Police(25-26)D

### पटना में कार्यकारिणी की अहम बैठक

# लालू प्रसाद यादव फिर बने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** 13वें कार्यकाल के लिए लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक तौर पर बन गये हैं। परंपरा के तहत इकलौता नामांकन होने के साथ ही उनका पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना औपचारिकता थी, लेकिन अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को पटना के एक होटल में हुई बैठक में इस कोरम को पूरा कर लिया गया। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसमें बिहार चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बदलने और तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर चर्चा शुरू हो गयी है।

# भारतीय नौसेना में पहली महिला फाइटर पायलट बनीं सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशाखापत्तनम।** भारतीय नौसेना ने इतिहास रच दिया है। सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को आधिकारिक रूप से नौसेना के फाइटर स्ट्रीम में शामिल कर लिया गया है। वे इस स्ट्रीम में जगह पाने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। इससे महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू भूमिकाओं के द्वार खुल गए हैं।

**'विंग्स ऑफ गोल्ड' से आस्था पूनिया हुई सम्मानित :** आस्था पूनिया को 'विंग्स ऑफ गोल्ड' सम्मान प्रदान किया गया, जो नौसेना की फाइटर पायलट बनने की पात्रता का प्रतीक है। यह सम्मान उन्हें रियर एडमिरल जनक बेवली, सहायक नौसेना स्टाफ (एयर) की तरफ से आईएनएस डेगा, विशाखापत्तनम में दिया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ। यह समारोह 'सेकेंड बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स' की समाप्ति पर आयोजित हुआ था।

### इलाहाबाद हाइकोर्ट ने याचिका खारिज की

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं

- हिंदू पक्ष के वकील बोले सुप्रीम कोर्ट जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज/ मथुरा।** मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाइकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट से कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं। इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाये? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाये। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है।

### हिंदू पक्ष का दावा- मस्जिद की जगह पहले मंदिर था

**हिंदू पक्ष ने याचिका में कहा था- शाही ईदगाह की जगह पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई भी साक्ष्य आज तक मुस्लिम पक्ष कोर्ट में पेश नहीं कर सका। जिसे मस्जिद कहा जा रहा है, उस की दीवारों पर हिंदू देवी देवताओं के प्रतीक चिह्न मौजूद हैं। किसी की जमीन पर अतिक्रमण करके बैठ जाने से, वह जमीन उसकी नहीं हो जाती है। न ही जमीन से जुड़ी खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है। न नगर निगम में कोई रिकॉर्ड है और न ही टैक्स दिया जा रहा है। यहां तक की बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? जो प्रकरण अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का था। ठीक वही मामला मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि का है। कोर्ट ने अयोध्या मामले में अपना निर्णय देने से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था, इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाये।**

### मुस्लिम पक्ष ने कहा था- 400 सालों से यह शाही ईदगाह

**मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति में कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।**

# रूस ने दी अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता

- ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश
- तालिबान ने फैसले को बहादुरी भरा बताया

एजेंसी



**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई।

तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा कि यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा।

तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।

### मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा : रूस

**रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।**

# रूस का यूक्रेन पर 550 मिसाइल और ड्रोन से हमला

- जेलेंस्की का दावा : 270 मिसाइलें मार गिरायीं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किये

एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिरा गया। इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा द्निप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अमेरिका-रूस संबंधों समेत कई मुद्दों पर बात की।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**